Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 131 | शनिवार, 16 मई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# दूध, सीएनजी के बाद अब पेट्रोल-डीजल भी महंगा, 3.25 रुपये प्रति लीटर तक बढ़े दाम

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पूरे देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3.25 रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी हैं। नई दिल्ली में, पेट्रोल की कीमतें 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर हो गई, जबकि डीजल की कीमतें 87.67 रुपये से बढ़कर 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गई। इसके साथ ही देश के अन्य राज्यों में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ गई है। मुंबई की बात करें तो पेट्रोल 106.68 और डीजल 93.14 प्रति लीटर के पास पहुंच गया है। कोलकाता में पेट्रोल 108.74 और डीजल 95.13 प्रति लीटर हो गया। चेन्नई में पेट्रोल 103.67 और डीजल 95.25 प्रति लीटर पर बिक रहा है। इसके अलावा अन्य राज्यों की बात करें तो आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल जैसे कुछ राज्यों में पेट्रोल की कीमतें 110 के पार पहुंच गई हैं, जबकि बाकी अन्य राज्यों में डीजल की कीमत 100 रुपये प्रति लीटर के करीब है।




## दिल्ली NCR में CNG भी हुई महंगी

इसके साथ ही दिल्ली-एनसीआर के लोगों पर महंगाई की एक और मार पड़ी है। शुक्रवार सुबह पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने के साथ ही सीएनजी की कीमतों में भी 2 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी कर दी गई है, जिससे आम लोगों का बजट और बिगड़ गया है। अब दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम समेत पूरे एनसीआर क्षेत्र में सीएनजी 2 रुपये महंगी मिलेगी। सीएनजी के दाम बढ़ने का सीधा असर ऑटो, कैब और निजी वाहनों के खर्च पर पड़ेगा, जिसका बोझ आखिर में आम जनता पर ही आएगा। वहीं, मुंबई महानगर क्षेत्र में गुरुवार को ही सीएनजी की कीमत में दो रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई थी। नई दर लागू होने के बाद मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई समेत एमएमआर के कई इलाकों में सीएनजी 84 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रही है। इससे पहले उपभोक्ताओं को एक किलो सीएनजी के लिए 82 रुपये चुकाने पड़ते थे।

### देश के प्रमुख शहरों में नए दरें लागू

| शहर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | 97.77 प्रति लीटर | 90.67 प्रति लीटर |
| कोलकाता | 108.70 प्रति लीटर | 95.13 प्रति लीटर |
| मुंबई | 106.68 प्रति लीटर | 93.14 प्रति लीटर |
| चेन्नई | 103.67 प्रति लीटर | 95.25 प्रति लीटर |
| गुड़गांव | 98.47 प्रति लीटर | 90.94 प्रति लीटर |
| नोएडा | 97.78 प्रति लीटर | 91.02 प्रति लीटर |
| बेंगलुरु | 106.21 प्रति लीटर | 94.10 प्रति लीटर |
| भुवनेश्वर | 104.19 प्रति लीटर | 95.74 प्रति लीटर |
| चंडीगढ़ | 97.27 प्रति लीटर | 85.25 प्रति लीटर |
| हैदराबाद | 110.89 प्रति लीटर | 98.96 प्रति लीटर |
| जयपुर | 107.97 प्रति लीटर | 93.23 प्रति लीटर |
| लखनऊ | 97.55 प्रति लीटर | 90.82 प्रति लीटर |
| पटना | 108.55 | 94.63 |
| तिरुवनंतपुरम | 110.58 | 99.35 |

## कच्चे तेल का भंडार स्थिर

वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद, 2022 से अब तक ईंधन की कीमतें काफी हद तक स्थिर बनी हुई हैं, जो हमारे मजबूत नीति समन्वय और प्रभावी आपूर्ति प्रबंधन को दशार्ता है।' पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने भी कहा था कि सरकार ने उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए हैं। मंत्रालय के अनुसार, कच्चे तेल का भंडार स्थिर बना हुआ है, रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं, और पूरे देश में पेट्रोल, डीजल और LPG का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है; कहीं से भी ईंधन खत्म होने (dry-outs) की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

### NCR में CNG के नए रेटः कहां कितनी कीमत

दिल्ली एनसीआर और आसपास के शहरों में CNG की नई कीमतें इस तरह हैं :

| शहर | कीमत |
|---|---|
| दिल्ली (NCT) | 79.09 प्रति किलो |
| नोएडा | 87.70 प्रति किलो |
| गाजियाबाद | 87.70 प्रति किलो |
| मुजफ्फरनगर | 87.58 प्रति किलो |
| मेरठ | 87.58 प्रति किलो |
| शामली | 87.58 प्रति किलो |
| गुरुग्राम | 84.12 प्रति किलो |
| रेवाड़ी | 83.70 प्रति किलो |
| करनाल | 83.43 प्रति किलो |

### दूध के दामों में दो रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी

इसके अलावा मदर डेयरी ने दूध के दामों में दो रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें बृहस्पतिवार से लागू हो चुकी है। कंपनी का कहना है कि उत्पादन लागत बढ़ने और बाजार की परिस्थितियों के चलते यह कदम उठाना पड़ा है। मदर डेयरी ने उपभोक्ता कीमतों में संशोधन करते हुए अलग-अलग श्रेणियों के दूध के दाम बढ़ाए हैं। दिल्ली-एनसीआर में अब टोकन,बल्क वेंडेड दूध 56 रुपये से बढ़कर 58 रुपये प्रति लीटर हो गया है। टोंड मिल्क 60 रुपये, डबल टोंड 52 रुपये, गाय का दूध 62 रुपये, प्रीमियम दूध 68 रुपये और प्रो मिल्क 72 रुपये प्रति लीटर मिलेगा।

### भारत में ईंधन की कोई कमी नहींः हरदीप सिंह पुरी

हालांकि, भारत सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है और ऊर्जा की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है। 12 मई को, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि वैश्विक बाधाओं और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बावजूद, भारत ने ईंधन की स्थिर कीमतें और ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की है। साथ ही, बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए घरेलू LPG उत्पादन में भी काफी बढ़ोतरी की गई है। CII वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2026 को संबोधित करते हुए, पुरी ने मजबूत नीति समन्वय और प्रभावी आपूर्ति प्रबंधन के माध्यम से वैश्विक ऊर्जा संकटों से निपटने में भारत की जुझारू क्षमता पर भी प्रकाश डाला।

# आरजी कर केस में सुवेंदु अधिकारी का बड़ा एक्शन, लापरवाही पर 3 सीनियर आईपीएस अफसर सस्पेंड

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार और हत्या मामले में कथित लापरवाही के आरोप में तीन आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। निलंबित अधिकारियों में तत्कालीन कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, अभिषेक गुप्ता और इंदिरा मुखोपाध्याय शामिल हैं। नबन्ना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री अधिकारी ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को रिश्वत देने का प्रयास किया और लिखित अनुमति प्राप्त किए बिना प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की।



## क्रूर बलात्कार और हत्या का मामला

अगस्त 2024 में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 31 वर्षीय स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के बाद राष्ट्रीय आक्रोश का केंद्र बन गया। इस मामले ने डॉक्टरों, छात्रों और नागरिक समाज समूहों द्वारा व्यापक विरोध प्रदर्शनों को जन्म दिया, जिसमें न्याय, सुरक्षित कार्यस्थलों और अस्पताल अधिकारियों तथा पश्चिम बंगाल सरकार से जवाबदेही की मांग की गई। सबूतों से छेड़छाड़, पुलिस की धीमी कार्रवाई और संस्थागत लापरवाही के आरोपों ने जनता के गुस्से को और भड़का दिया। अदालत के हस्तक्षेप के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जांच अपने हाथ में ले ली। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान इस मुद्दे को उठाया और पीड़िता की मां को पनिहाटी विधानसभा क्षेत्र से टिकट भी दिया गया। रत्ना देबनाथ ने टीएमसी के तीर्थंकर घोष को 28,836 वोटों के अंतर से हराकर चुनाव जीता। आरजी कर पीड़िता को न्याय दिलाना विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के प्रमुख वादों में से एक था।

बंगाल के मुख्यमंत्री अधिकारी ने भवानीपुर सीट बरकरार रखने का फैसला करने के बाद नंदीग्राम सीट से इस्तीफा दे दिया है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे नंदीग्राम के लोगों की देखभाल करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने भवानीपुर से शपथ ली थी। नियमों के अनुसार, मुझे एक सीट खाली करनी होगी।

# पीएम मोदी की अपील का असर, बिहार में 'नो व्हीकल डे', सीएम सम्राट चौधरी पैदल पहुंचे दफ्तर



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और पर्यावरण संरक्षण की अपील का असर अब बिहार की राजनीति पर दिखने लगा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज यानी शुक्रवार को वाहन निषेध दिवस मना रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास से सचिवालय तक 50 मीटर की दूरी पैदल चलकर तय की। बिहार सरकार में मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र दीपक प्रकाश भी अपने आधिकारिक आवास से सचिवालय तक पैदल चलकर गए। उन्होंने लगभग 1 किलोमीटर की दूरी तय की। मुख्यमंत्री की पहल के बाद, आज शुक्रवार को सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी वाहनों का इस्तेमाल नहीं किया। सचिवालय के कर्मचारी साइकिल और सार्वजनिक परिवहन से कार्यालय आए। सामान्य दिनों की तुलना में सचिवालय परिसर के आसपास सरकारी वाहनों की संख्या कम दिखाई दी, जबकि कई अधिकारी अपने निजी वाहनों से या पैदल चलकर कार्यालय पहुंचते हुए देखे गए।

# 'व्यापार समझौता नहीं, अदाणी की रिहाई का सौदा', राहुल गांधी का प्रधानमंत्री मोदी पर सीधा हमला

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** अमेरिका में उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ चल रहे कानूनी मामले और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर देश की राजनीति में नया तूफान खड़ा हो गया है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। राहुल गांधी का दावा है कि हालिया भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वास्तव में देश का हित साधने के लिए नहीं, बल्कि गौतम अदाणी को अमेरिकी कानूनी कार्रवाई से बचाने के लिए किया गया है।

खबरों में दावा किया गया है कि अमेरिकी अधिकारी भारतीय अरबपति अदाणी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों को सुलझाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अदाणी समूह ने अतीत में लगे सभी आरोपों को खारिज किया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '''कंप्रोमाइज्ड, पीएम' ने व्यापार समझौता नहीं, अदाणी की रिहाई का सौदा किया।''



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि अब यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर क्यों सहमत हुए और उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को अचानक क्यों रोक दिया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अब यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री ने भारत-अमेरिका के बीच उस बेहद निराशाजनक और एकतरफा व्यापार 'डील' को क्यों स्वीकार किया, जो वास्तव में अमेरिका के पक्ष में एकतरफा सौदा था। यह भी साफ हो गया है कि उन्होंने 10 मई 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों के आगे झुकते हुए, राष्ट्रीय हित के बजाय उनके दबाव में ऑपरेशन सिंदूर को अचानक क्यों रोक दिया।

## पृष्ठभूमिः अदाणी समूह और अमेरिकी जांच

अमेरिकी अधिकारियों द्वारा भारतीय अरबपति गौतम अदाणी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों की जांच की खबरें लंबे समय से चर्चा में हैं। हालांकि, अदाणी समूह ने अतीत में लगे इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है और इन्हें बेबुनियाद बताया है।

# 'धार का भोजशाला मंदिर हैः' हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, हिंदू पक्ष की मांग मंजूर



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित भोजशाला-कमल मौला परिसर पर लंबे समय से चले आ रहे विवाद में एक ऐतिहासिक फैसले में, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भोजशाला परिसर को मंदिर घोषित कर दिया और हिंदुओं के इस स्थल पर पूजा करने के अधिकार को बरकरार रखा। फैसला सुनाते हुए न्यायालय ने कहा कि पुरातत्व एक विज्ञान है और विवाद का निर्णय करते समय वैज्ञानिक अध्ययनों से प्राप्त निष्कर्षों पर भरोसा किया जा सकता है। पीठ ने यह भी कहा कि अपने निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पक्षों के संवैधानिक अधिकारों को ध्यान में रखा गया है। पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा कि हम उन सभी वकीलों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने अदालत की सहायता की। हमने तथ्यों और एएसआई अधिनियम की जांच की। पुरातत्व एक विज्ञान है, और इस पर आधारित निष्कर्षों पर भरोसा किया जा सकता है। अदालत ने आगे कहा कि परमार राजा भोज के शासनकाल के दौरान, यह स्थल संस्कृत शिक्षा के केंद्र के रूप में कार्य करता था और यहां देवी सरस्वती को समर्पित एक मंदिर था। मुस्लिम पक्ष ने कहा कि वे फैसले को पढ़ेंगे और समझेंगे, और कहा कि वे इस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देंगे। अपने फैसले में, उच्च न्यायालय ने भोजशाला परिसर को संरक्षित स्मारक घोषित किया और इसे मंदिर के रूप में मान्यता दी। न्यायाधीश ने कहा कि हिंदुओं को इस स्थल पर पूजा करने का अधिकार है और सुझाव दिया कि सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को परिसर के भीतर संस्कृत शिक्षा की व्यवस्था पर भी विचार करना चाहिए।

# दोबारा परीक्षा की तारीख का ऐलान, 21 जून को आयोजित होगा एग्जाम, जानें एडमिट कार्ड और रजिस्ट्रेशन से जुड़े नियम

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET-UG 2026 की नई तारीख की आधिकारिक घोषणा कर दी है। देश भर के लाखों उम्मीदवारों के इंतजार को खत्म करते हुए NTA ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि अब यह परीक्षा 21 जून 2026 (रविवार) को आयोजित की जाएगी। भारत सरकार से मंजूरी मिलने के बाद एजेंसी ने इस संशोधित शेड्यूल को जारी किया है।

## पंजीकरण और शुल्क पर बड़ा अपडेट

NTA ने उन उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं जो इस दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल होंगे। एजेंसी ने साफ किया है कि छात्रों पर किसी भी तरह का अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं डाला जाएगा।

**कोई नया पंजीकरण नहींः** दोबारा होने वाली परीक्षा के लिए छात्रों को फिर से फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है। मई 2026 के परीक्षा चक्र में किया गया रजिस्ट्रेशन ही मान्य होगा। पुराना डेटा ही रहेगा प्रभावीः उम्मीदवारों का पिछला डेटा, उनकी उम्मीदवारी और उनके द्वारा पहले चुने गए परीक्षा केंद्र ही आगामी परीक्षा के लिए आधार माने जाएंगे।

**फीस वापसी का फैसलाः** NTA ने '' (पूर्व में ट्विटर) पर जानकारी दी कि जिन छात्रों ने पहले ही शुल्क जमा कर दिया है, उन्हें वह वापस (Refund) कर दिया जाएगा। दोबारा परीक्षा का पूरा खर्च NTA अपने आंतरिक संसाधनों से वहन करेगा।

## एडमिट कार्ड और डाउनलोड प्रक्रिया

भले ही पंजीकरण पुराना मान्य हो, लेकिन परीक्षा में शामिल होने के लिए NTA नए सिरे से एडमिट कार्ड जारी करेगा।

**नया एडमिट कार्ड अनिवार्यः** पुराने एडमिट कार्ड परीक्षा केंद्र पर मान्य नहीं होंगे।

**डाउनलोड लिंकः** एडमिट कार्ड जारी होने के बाद उम्मीदवार NTA की आधिकारिक वेबसाइट neet.nta.nic.in पर जाकर इसे डाउनलोड कर सकेंगे।



**आधिकारिक जानकारीः** NTA ने अभिभावकों और छात्रों को सलाह दी है कि वे सोशल मीडिया पर चल रही किसी भी अफवाह से बचें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

## परीक्षा की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

चूंकि यह एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है और इसकी संवेदनशीलता अधिक है, इसलिए NTA ने सुरक्षा और पारदर्शिता के कड़े इंतजाम किए हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से आधिकारिक वेबसाइट चेक करते रहें ताकि परीक्षा केंद्र और समय से जुड़ी किसी भी अपडेट को मिस न करें।

**याद रखने योग्य बातेंः** परीक्षा की तारीखः 21 जून 2026 (रविवार)
**वेबसाइटः** neet.nta.nic.in
**एडमिट कार्डः** जल्द ही नए सिरे से जारी होंगे।

## लाखों उम्मीदवारों के लिए एक नई शुरूआत

संशोधित परीक्षा कार्यक्रम से छात्रों को पूरे देश में MBBS, BDS और संबंधित मेडिकल कोर्स में दाखिले के लिए निष्पक्ष रूप से मुकाबला करने का एक और मौका मिलने की उम्मीद है। पिछली NEET परीक्षा रद्द होने के बाद छात्र और अभिभावक बेसब्री से स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार कर रहे थे। कई उम्मीदवारों ने तनाव, अनिश्चितता और कम समय में फिर से तैयारी करने के दबाव को लेकर चिंता जताई थी। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि अब इस दोबारा होने वाली परीक्षा पर पूरे देश की नजर रहेगी, खासकर परीक्षा की सुरक्षा और पारदर्शिता को लेकर हुई जबरदस्त बहस के बाद।

## NTA ने छात्रों से आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करने का आग्रह किया

अपने आधिकारिक नोटिस में, NTA ने उम्मीदवारों और अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे परीक्षा से जुड़े अपडेट के लिए केवल आधिकारिक संचार माध्यमों पर ही भरोसा करें। एजेंसी ने छात्रों को सलाह दी है कि वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और मैसेजिंग ग्रुप पर फैल रही अफवाहों या बिना पुष्टि वाली जानकारियों पर विश्वास न करें। उम्मीदवार परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े सवालों के लिए NTA के आधिकारिक हेल्पलाइन नंबर – 011-40759000 और 011-69227700 – के जरिए संपर्क कर सकते हैं। सवाल neet-ug@nta.ac.in पर ईमेल के जरिए भी भेजे जा सकते हैं।

## इस बार सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी होने की संभावना

रद्द हुई परीक्षा को लेकर हुए विवाद के बाद, 21 जून को होने वाली दोबारा परीक्षा के लिए कड़ी निगरानी और बेहतर सुरक्षा इंतजाम होने की उम्मीद है। अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर और भी कड़े नियम लागू कर सकते हैं, डिजिटल निगरानी बढ़ा सकते हैं और गोपनीय सामग्री को संभालने के लिए और भी सख़्त तरीके अपना सकते हैं, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके और छात्रों का भरोसा फिर से कायम हो सके। पूरे भारत में लाखों उम्मीदवारों के लिए, यह घोषणा एक नई चुनौती और एक दूसरे मौके – दोनों का संकेत है – एक ऐसा मौका जिसके बारे में उन्हें उम्मीद है कि यह आखिरकार बिना किसी विवाद के संपन्न होगा।

## संपादक की कलम से

# कठोर श्रम की महक से जीवन में सफलता का गहरा एहसास



ललित शर्मा
संपादक

सफलता रातों रात नहीं मिलती,जो सफलता भाग्य से मिलती है वह जल्द खत्म भी हो सकती हैं इसिलए निरंतर मेहनत,श्रम करने आदत होनी चाहिए,साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होती है,और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है,जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ जाया नहीं होती हैं वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाए भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका हैं एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता हैंअसफलता के कारण मानसिक दबाव जिंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा हैं एसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती हैं तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता हैं व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैं आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता हैं अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे-धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैं वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगा यदि आपकी पर्सनैलिटी याने व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद,व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैं ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है,`नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और उसे इन्हीं परेशानियों का निदान भी सूझता नहीं है,पर जिनका का सकारात्मक रवैया होता है,उन्हें हर कठिनाई, परेशानी में निदान के उपाय एवं तरीके अपने सूझ बुझ से निकालने का फामूर्ला मालूम होता है, ऐसे व्यक्तियों का काम कभी रुकता नहीं और वे निर्बाध गति से आगे बढ़ते जाते हैं यह सर्वविदित सत्य है की आपका संव्यवहार आपके व्यक्तित्व का दर्पण होता हैं हर कार्य के संचालन संपादन में आपके व्यक्तित्व की परछाई स्पष्ट परिलक्षित होती है, आपका व्यवहार आपके चरित्र तथा स्वभाव के बारे में सब कुछ बता देता है, और उसका इसका बड़ा व्यापक प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है, व्यक्तित्व विकास न सिर्फ आपकी निजी जिंदगी में प्रभाव डालता है वरन आपकी व्यवसाय और लक्ष्य में भी सकारात्मक एवं प्रभावकारी होता हैं जब आप एक अच्छे व्यक्तित्व और सकारात्मक विचार वान व्यक्ति होते हैं तो आप काफी उत्साही एवं आत्मविश्वास से भरपूर भी हो सकते हैं।

## उम्मीदों की दीप

उदय किशोर साह

कविता



उम्मीदों की दीप जलाये रखना
बुलंद हौसलों को जगाये रखना
आँधी में भी ना बुझे तेरी ख्वाब
तेरी मिहनत हो जब जब आबाद

आगे कदम अपनी बढाये चलना
मुड़कर पीछे क्यूँ अब है देखना
मंजिल तेरी कर रही है इन्तजार
बाँहें फैलाये कर रही तेरी पुकार

ऊँची सोंच मन में बसाये रखना
असफलता को सदैव डराये रखना
फर्श से अर्स आयेगी तेरे भी द्वार
समय का कर तुँ थोड़ा सा इन्तजार

साकारात्मक सोंच सजाये रखना
नाकारात्मकता को भगाये। रखना
झंझावत की नैय्या है ये संसार
काम आयेगी तेरी घर की संस्कार

मुकाम पे नजर बनाये रखना
अपनी हिम्मत को जमाये रखना
तेरी भी होगी जग में जय जयकार
कदमों में झुकेगी सपने हो साकार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# कूड़ा, पॉलिथीन और पशु: 'कूड़े के ढेर पर खड़े शहर और पॉलिथीन निगलते पशु'



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक



शहर इन दिनों कूड़े से अटे पड़े हैं। सड़कों के किनारे सड़ते ढेर, गलियों में फैली दुर्गंध, नालियों में फँसी गंदगी और उनके बीच भोजन तलाशते पशु–यह दृश्य केवल सफाई व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक सामाजिक सोच का आईना भी है। अक्सर जब शहर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल होती है, तब पूरा विमर्श केवल प्रशासन और कर्मचारियों के टकराव तक सीमित रह जाता है। लेकिन इस गंदगी के पीछे एक और बड़ा प्रश्न है, जिस पर समाज सुविधाजनक चुप्पी साध लेता है–पॉलिथीन और उससे जुड़ा कचरा प्रबंधन।

विडंबना देखिए कि पॉलिथीन कानूनन प्रतिबंधित है। नगर निगम समय-समय पर चालान भी काटता है, दुकानों पर छापेमारी होती है, जागरूकता अभियान चलते हैं। फिर भी शहर के हर कूड़े के ढेर में यदि सबसे अधिक कुछ दिखाई देता है, तो वह पॉलिथीन की थैलियाँ, पैकेजिंग और प्लास्टिक कचरा है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब प्रतिबंध है, तो उपयोग इतना व्यापक कैसे है? और यदि उपयोग जारी है, तो प्रतिबंध केवल कागजों तक सीमित क्यों है? असल में हमारी व्यवस्था ने समस्या को जड़ से समझने के बजाय प्रतीकात्मक कार्रवाई को समाधान मान लिया है। निगम अधिकारी कभी-कभार दुकानदारों के चालान काटकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। कुछ दिनों तक अभियान चलता है, तस्वीरें खिंचती हैं, समाचार छपते हैं और फिर वही स्थिति लौट आती है। बाजार में दूध से लेकर दाल, नमकीन से लेकर सब्जी, ऑनलाइन डिलीवरी से लेकर घरेलू सामान तक लगभग हर वस्तु किसी न किसी प्रकार की प्लास्टिक या पॉलिथीन पैकिंग में उपलब्ध है। यानी जिस व्यवस्था ने पॉलिथीन को प्रतिबंधित किया है, वही व्यवस्था बाजार को उसके विकल्प देने में विफल रही है। सच्चाई यह भी है कि पॉलिथीन केवल दुकानदार की समस्या नहीं है। यह हमारी उपभोक्तावादी आदतों का परिणाम है। सुविधा की संस्कृति ने हमें इस हद तक अभ्यस्त कर दिया है कि हम कपड़े या जूट का थैला साथ रखना अपनी 'पुरानी आदत' समझने लगे हैं। हर छोटी वस्तु के लिए नई थैली लेना अब सामान्य व्यवहार बन चुका है। बाजार भी इसी मानसिकता पर फल-फूल रहा है। उपभोक्ता मांग करेगा तो आपूर्ति होगी ही। इसलिए केवल दुकानदार या निगम को दोष देकर समाज अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकता। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि यही पॉलिथीन अब पशुओं के लिए मौत का सामान बन चुकी है। शहर भले 'पशु मुक्त' घोषित कर दिया गया हो, लेकिन हकीकत यह है कि हर गली, हर कूड़े के ढेर पर गाय, सांड, कुत्ते और अन्य पशु भोजन की तलाश में भटकते दिखाई देते हैं। वे सड़े भोजन के साथ पॉलिथीन भी निगल जाते हैं। पशु चिकित्सकों के अनुसार अनेक गायों के पेट से ऑपरेशन के दौरान कई-कई किलो पॉलिथीन निकल चुकी है। यह केवल पशुओं के प्रति क्रूरता नहीं, बल्कि हमारी संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। विडंबना यह है कि एक ओर समाज गाय को 'माता' कहकर भावनात्मक सम्मान देता है, दूसरी ओर वही समाज उसे कूड़े के ढेर पर मरने के लिए छोड़ देता है। धार्मिक आस्था और वास्तविक व्यवहार के बीच इतना बड़ा अंतर शायद ही किसी अन्य विषय में दिखाई देता हो। त्योहारों और आयोजनों में पशुओं के नाम पर भावुकता दिखाई जाती है, लेकिन शहर की गलियों में उनका जीवन कूड़े और प्लास्टिक के सहारे चल रहा है। यह केवल प्रशासन की नहीं, समाज की नैतिक विफलता भी है। पॉलिथीन का संकट केवल पशुओं तक सीमित नहीं है। यह पर्यावरण, स्वास्थ्य और शहरी जीवन तीनों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। नालियों में फँसी प्लास्टिक बरसात के समय जलभराव का कारण बनती है। सड़ते कचरे से जहरीली गैसें निकलती हैं। प्लास्टिक जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है। धीरे-धीरे यही सूक्ष्म प्लास्टिक मिट्टी और पानी में मिलकर खाद्य श्रृंखला तक पहुँच रहा है। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि माइक्रोप्लास्टिक अब मानव शरीर में भी प्रवेश कर चुका है। यानी जिस पॉलिथीन को हम सुविधा मान रहे हैं, वही भविष्य में स्वास्थ्य संकट का कारण बन सकती है। समस्या का दूसरा पक्ष कचरा प्रबंधन की विफलता है। हमारे शहरों में आज भी अधिकांश घरों से निकलने वाला कचरा बिना पृथक्करण के सीधे सड़कों या डंपिंग स्थलों तक पहुँचता है। गीला और सूखा कचरा अलग करने की बात वर्षों से कही जा रही है, लेकिन व्यवहार में यह व्यवस्था लगभग नदारद है। जब तक घर स्तर पर कचरे का पृथक्करण नहीं होगा, तब तक पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) की प्रक्रिया प्रभावी नहीं हो सकती। नगर निगम केवल कचरा उठाने को सफाई मान लेता है, जबकि वास्तविक सफाई का अर्थ है–कचरे का वैज्ञानिक निपटान। यह भी ध्यान देने योग्य है कि शहरों में 'सिंगल यूज प्लास्टिक' पर प्रतिबंध की घोषणाएँ खूब होती हैं, लेकिन उद्योगों और बड़े ब्रांडों की जवाबदेही तय नहीं होती। बाजार में बिकने वाले अधिकांश उत्पाद प्लास्टिक पैकिंग में आते हैं। यदि वास्तव में पॉलिथीन बंद करनी है, तो केवल छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी। बड़ी कंपनियों को भी वैकल्पिक पैकेजिंग अपनाने के लिए बाध्य करना होगा। जब तक उत्पादन स्तर पर बदलाव नहीं आएगा, तब तक उपभोक्ता और दुकानदार दोनों विकल्पहीन रहेंगे। इसके साथ ही प्रशासन को भी अपनी प्राथमिकताएँ बदलनी होंगी। सफाई केवल फोटो अभियान नहीं हो सकती। शहर की सफाई व्यवस्था को स्थायी और तकनीकी रूप से मजबूत बनाना होगा। डोर-टू-डोर कलेक्शन, कचरे का पृथक्करण, रिसाइक्लिंग यूनिट, जैविक कचरे से खाद निर्माण और प्लास्टिक अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान की ठोस व्यवस्था आवश्यक है। केवल जुमार्ना लगाने से समस्या हल नहीं होगी। जब तक व्यवस्था व्यवहारिक विकल्प नहीं देगी, तब तक प्रतिबंध विफल ही रहेंगे। शिक्षा और जनजागरूकता की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं को केवल औपचारिक अभियान चलाने के बजाय व्यवहार परिवर्तन पर काम करना होगा। बच्चों को यदि शुरूआत से कपड़े के थैले, पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं और पर्यावरण संरक्षण की आदत सिखाई जाए, तो आने वाली पीढ़ी इस संकट को कम कर सकती है। समाज में यह समझ विकसित करनी होगी कि सफाई केवल सफाई कर्मचारी की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। आज आवश्यकता केवल शहर को कूड़े से मुक्त करने की नहीं, बल्कि सोच को बदलने की है। यदि नागरिक सड़क पर कचरा फेंकते रहेंगे, बाजार प्लास्टिक बेचता रहेगा, प्रशासन दिखावटी कार्रवाई करता रहेगा और समाज पशुओं को कूड़े में भोजन खोजने के लिए छोड़ता रहेगा, तो कोई भी शहर वास्तव में स्वच्छ नहीं हो सकता। हमें यह स्वीकार करना होगा कि कूड़ा केवल गंदगी नहीं, हमारी आदतों का परिणाम है। पॉलिथीन केवल एक थैली नहीं, सुविधा के नाम पर पैदा हुआ पर्यावरणीय संकट है। और कूड़े में मुंह मारते पशु केवल आवारा जानवर नहीं, बल्कि उस संवेदनहीन समाज के मौन प्रश्न हैं जो विकास के दावों के बीच अपनी बुनियादी जिम्मेदारियाँ भूल चुका है। यदि अब भी हम नहीं चेते, तो आने वाले समय में शहर केवल कंक्रीट के जंगल नहीं होंगे, बल्कि प्लास्टिक और कचरे के ढेर बन जाएंगे, जहाँ इंसान और पशु दोनों ही स्वच्छ जीवन के अधिकार से वंचित होंगे। स्वच्छ शहर का सपना केवल सरकारी नारे से पूरा नहीं होगा। इसके लिए प्रशासनिक इच्छाशक्ति, सामाजिक जिम्मेदारी और व्यक्तिगत अनुशासन–तीनों का संगम आवश्यक है। तभी शहर सचमुच स्वच्छ होंगे, पशु सुरक्षित होंगे और पर्यावरण भविष्य के लिए बचाया जा सकेगा।

# नदी नहीं, अपनी संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों को बचा रहे हैं श्रमवीर



प्रो. आरके जैन
लेखक




अनादि काल से जनजीवन, संस्कृति और सभ्यता को जीवनरस प्रदान करने वाली वेत्रवती आज पुनर्जागरण की दिव्य चेतना बनकर पुनः जाग उठी है। मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के झिरी (कुम्हारा) गांव में स्थित पावन उद्गम क्षेत्र में 10 मई 2026 से आरम्भ 'श्रमदान सप्ताह-2026' केवल स्वच्छता या संरक्षण का अभियान नहीं, बल्कि मृतप्राय होती प्रकृति में नवजीवन संचारित करने का विराट लोकयज्ञ बन चुका है। उपेक्षा, अतिक्रमण, मलबा संचयन और परिवर्तित ऋतुचक्र के प्रहारों से आहत इस तपोभूमि को पुनर्जीवित करने हेतु जनसामान्य प्रखर धूप में भी फावड़ा, टोकरी और अटूट संकल्प के साथ निरंतर श्रमरत है। यह प्रेरक दृश्य उद्घोष कर रहा है कि जब सामूहिक चेतना जागृत होती है, तब सूखी धाराएँ भी पुनः अमृतधारा बनकर प्रवाहित होने लगती हैं। यह महाअभियान केवल जलसंरक्षण का प्रयास नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित अस्तित्व, प्रकृति-संतुलन और जीवनमूल्यों के संरक्षण का सुदृढ़ आधार निर्मित कर रहा है। सूखी पड़ती जीवनधारा को पुनर्जीवित करने का जो संकल्प गत वर्ष जागा, वही आज इस महाअभियान की सबसे बड़ी शक्ति है। स्थानीय नागरिकों, पर्यावरण साधकों और सामाजिक संगठनों के श्रम से उद्गम क्षेत्र में 55 लघु चेक डैम / अवरोधक बांध निर्मित किए गए। आरम्भ में यह कार्य असंभव प्रतीत होता था, किंतु सामूहिक संकल्प ने इसे संभव कर दिखाया। इन अवरोध बांधों के कारण बेतवा उद्गम लगभग छह माह तक जलमय रहा तथा जलधारा अविरल बहती रही। यह सफलता केवल निर्माणकार्य की उपलब्धि नहीं, बल्कि जागृत समाज की उत्तरदायी चेतना का प्रमाण थी। इसी प्रेरणा ने इस वर्ष के 'श्रमदान सप्ताह' को और व्यापक बना दिया है। लोगों ने अनुभव किया कि निष्ठापूर्ण प्रयासों के आगे प्रकृति भी अपना आशीर्वाद देती है। यही विश्वास प्रतिदिन सैकड़ों श्रमसेवियों को उद्गम स्थल तक खींच ला रहा है। जब समाज स्वयं प्रकृति के संरक्षण का संकल्प उठा लेता है, तब जनशक्ति परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम बन जाती है। ग्राम सेवा समिति भोपाल के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान में अनेक सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं की प्रेरक सहभागिता दिखाई दे रही है। बेतवा बिरादरी विदिशा, नमन सेवा समिति बैतूल, युवा फाउंडेशन भोपाल, गांधी भवन, सप्रे संग्रहालय, एनजीओ पाठशाला, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर तथा मैनिट सहित अनेक संस्थाएं सक्रिय रूप से श्रमदान कर रही हैं। यह सहभागिता सिद्ध करती है कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन का दायित्व नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक धर्म है। यहां औपचारिकता नहीं, बल्कि मिट्टी और नदी के प्रति आत्मीय समर्पण दिखाई देता है। यही भावना इस अभियान को जनभागीदारी से जनआंदोलन में परिवर्तित कर चुकी है। जब वृद्ध हाथों का अनुभव और युवाओं का उत्साह एक साथ मिट्टी से जुड़ता है, तब परिवर्तन इतिहास बन जाता है। इस महाअभियान में युवाओं के साथ सत्तर, पचहत्तर और अस्सी वर्ष की आयु पार कर चुके वरिष्ठजन भी अदम्य ऊर्जा से श्रमदान कर रहे हैं। प्रचंड गर्मी और कठिन श्रम के बीच उनका समर्पण युवा पीढ़ी के लिए जीवंत प्रेरणा बन गया है। सेवानिवृत्त वरिष्ठ वन अधिकारी श्री आजाद सिंह डबास, श्री कौशलेंद्र सिंह सहित अनेक अनुभवी पर्यावरण साधकों की उपस्थिति ने अभियान को दिशा और निरंतरता प्रदान की है। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि प्रकृति के प्रति दायित्व की कोई आयु-सीमा नहीं होती। पीढ़ियों के इस संगम ने यह संदेश भी दिया है कि जब अनुभव और युवा शक्ति साथ खड़े होते हैं, तब जनसंकल्प अजेय बन जाता है। जब कोई व्यक्ति अपना अनुभव समाज और प्रकृति के पुनर्जागरण को समर्पित कर देता है, तब अभियान जनआस्था बन जाता है। डॉ. आर. के. पालीवाल इस महाअभियान की वही प्रेरक शक्ति हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त रहे डॉ. पालीवाल ने प्रशासनिक जीवन के पश्चात प्रकृति संरक्षण को अपना जीवनसंकल्प बना लिया। उनका श्रम, नेतृत्व और समर्पण अभियान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है। वे केवल आ'ान नहीं करते, बल्कि स्वयं फावड़ा उठाकर श्रमदान करते हैं। उनका मानना है कि नदियों की रक्षा केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की रक्षा है। उनके नेतृत्व में यह प्रयास श्रमदान से आगे बढ़कर पर्यावरणीय जनचेतना का आंदोलन बन चुका है। उनका जीवन संदेश देता है कि सेवानिवृत्ति अंत नहीं, बल्कि लोकसेवा का नया अध्याय है। तपती धूप और कठिन परिस्थितियां भी श्रमसेवियों के उत्साह को डिगा नहीं सकीं। लगभग एक दर्जन समर्पित कार्यकर्ता प्रतिदिन सुबह आठ बजे से निरंतर श्रम में जुटे रहे। गत वर्ष निर्मित 55 अवरोध बांधों की मरम्मत के साथ 30 से अधिक नए अवरोध बांध भी तैयार किए जा चुके हैं। अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि उस सर्वोच्च पार्वती कुंड का पुनर्जीवन है, जो वर्षों से आठ फीट मलबे में दबा पड़ा था। आज उसी कुंड में एक फीट से अधिक निर्मल जल संचित है, जो वन्य जीवों के लिए जीवनस्रोत बन रहा है। ये उपलब्धियां श्रमसेवियों के समर्पण की सशक्त गवाही हैं और सिद्ध करती हैं कि सामूहिक श्रम से असंभव परिवर्तन भी संभव हो जाते हैं। बेतवा उद्गम से उठी यह चेतना अब जनजागरण की व्यापक धारा बन चुकी है। स्थानीय सीमाओं से निकलकर यह अभियान दूर-दूर तक लोगों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहा है। यह केवल समस्याओं का वर्णन नहीं, बल्कि समाधान का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। जो लोग प्रकृति को मात्र उपभोग का साधन मानते थे, उनके लिए यह अभियान स्पष्ट संदेश है कि प्रकृति की रक्षा केवल शब्दों से नहीं, बल्कि श्रम, समय और संवेदना के समर्पण से होती है। जलसंरक्षण के ये प्रयास भविष्य के गहराते जलसंकट के विरुद्ध मजबूत आधार बन सकते हैं। सूखती नदियां केवल जल का संकट नहीं, बल्कि भविष्य के अस्तित्व का चेतावनी संकेत हैं। बेतवा उद्गम पर चल रहा यह श्रमदान सप्ताह किसी एक नदी के पुनर्जीवन तक सीमित नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति राष्ट्रीय उत्तरदायित्व का सशक्त आ'ान है। समय अब केवल नारों और शब्दों का नहीं, बल्कि धरती के लिए श्रम और समर्पण का है। एक फावड़ा, कुछ पल का श्रम और संरक्षण का संकल्प–यही सुरक्षित भविष्य की वास्तविक पूंजी है। बेतवा पुनर्जीवन का यह महाअभियान सिद्ध कर रहा है कि जब समाज प्रकृति के पक्ष में खड़ा होता है, तब सूखी धरती भी पुनः जीवन से भर उठती है।

# गूगल मैप तो है, मन का मैप कहां है?



वीरेंद्र बहादुर सिंह
लेखक

हमारे मस्तिष्क की हालत इस समय लैपटाप के ब्राउजर जैसी है। हम वर्तमान में होते हैं, लेकिन दिमाग में 20 'टैब्स' एक साथ खुले रहते हैं। जिसके कारण 'लाइफ' नाम का साफ़्टवेयर हैंग हो जाता है। गूगल मैप्स आपको पृथ्वी के किसी भी कोने तक पहुंचा सकता है, लेकिन मन किस कोने में भटक रहा होगा, उसका कोई 'रियल-टाइम डेटा' टेक्नोलाजी के पास नहीं है। मनुष्य का असली पता उसका शरीर नहीं, उसका मन है। गूगल मैप्स में एक सुविधा होती है- 'रीरूटिंग'। जब आप रास्ता भटक जाते हैं, तब वह आपको वापस सही मार्ग पर ले आता है। लेकिन आज के युग में मन जब तनाव, तुलना या ग्लानि के रास्ते पर चढ़ जाता है, तब उसे वर्तमान में वापस लाने वाला कोई 'रीरूटिंग' बटन अभी तक किसी ऐप स्टोर में उपलब्ध नहीं है।

## मन साथ ही आता है

आज के समय की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हमारे पास घूमने के लिए दुनिया भर के लोकेशंस हैं, लेकिन उन लोकेशंस पर पहुंचने के बाद वहां 'उपस्थित' रहने के लिए मन नहीं है। बर्फ से ढके पहाड़ों और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच खड़े होने पर भी यदि मन आफिस के ईमेल, अतीत की किसी अप्रिय घटना या निरर्थक चिंताओं में उलझा हुआ हो, तो आप सुख की अनुभूति में नहीं, बल्कि नकारात्मकता के नरक में जी रहे होते हैं।

मनुष्य दुनिया भर की यात्राएं इसलिए करता है, ताकि वह स्वयं से भाग सके। लेकिन समस्या यह है कि वह जहां भी जाएगा, उसका मन उसके साथ ही जाएगा। यदि मन अशांत है, तो स्वर्ग जैसी अनुभूति देने वाले क्षण भी आपको शांति नहीं दे सकते।

## दांते की 'डिवाइन कामेडी'

चौदहवीं सदी के महान इतालवी कवि दांते एलिघियेरी ने अपनी अमर कृति 'डिवाइन कामेडी' में नरक (कल्लाी१ल्लङ्क), शुद्धिधाम (ढ४१ॅ३ङ्म१८) और स्वर्ग (ढंर्४१ि) की यात्रा का वर्णन किया है। दांते के नरक में एक ऐसा भाग है, जहां आत्माएं लगातार भंवर में फंसी रहती हैं। आज यह भंवर हमारे 'विचार' हैं। दांते कहते हैं कि नरक कोई भौगोलिक गड्ढा नहीं, बल्कि ईश्वर से (या स्वयं के केंद्र से) विमुख हो जाने की अवस्था है। जब आज के युवाओं का मन ग्लानि, तनाव और 'सोशल कम्पैरिजन' के भँवर में फंस जाता है, तब वे अनजाने में ही दांते के 'इन्फर्नो' के यात्री बन जाते हैं। यदि मन में बेचैनी हो, तो स्वर्ग जैसी सुख-सुविधाओं के बीच भी मनुष्य नरक जैसी यातना महसूस करता है। यदि आप गुलाब के फूल को देख रहे हों, लेकिन मन उसकी पंखुड़ियों के स्पर्श के बजाय कल के बिल की चिंता कर रहा हो, तो आप उस क्षण 'मृत' समान हैं।

## पैराडाइज लास्ट

जॉन मिल्टन 'पैराडाइज लास्ट' में एक अद्भुत सत्य लिख गए हैं : kThe mind is its own place, and in itself can make a heaven of hell, a hell of heaven.l (मन अपना अलग स्थान है, वह स्वयं ही नरक को स्वर्ग और स्वर्ग को नरक बना सकता है।) यह पंक्ति वर्तमान पीढ़ी के लिए लाइटहाउस के समान है। आज हमारे पास सब कुछ है- टेक्नोलाजी, कैरियर, सुख-साधन, फिर भी हम मन से दरिद्र हैं। क्योंकि मन 'दूसरों' के विचारों में उलझा हुआ है। दूसरों की लाइफस्टाइल देखकर उत्पन्न होने वाली ग्लानि हमें अपने सुंदर क्षणों का आनंद लेने नहीं देती।

## मन ही बंधन और मोक्ष

हमारे ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पहले इस सत्य को पहचान लिया था। उपनिषद का यह श्लोक आज के मनुष्य की स्थिति का सटीक चित्र प्रस्तुत करता है: 'मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः' अर्थात मन ही मनुष्य के बंधन और मोक्ष का कारण है। यदि मन विषयों में (अतीत, भविष्य या दूसरों के विचारों में) आसक्त है, तो वह बंधन है। यदि मन स्थिर है, तो वही मोक्ष है।

## अर्जुन का विषाद

कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन के पास श्रेष्ठ गांडीव धनुष था, रथ के सारथी स्वयं श्रीकृष्ण थे, फिर भी अर्जुन कांप रहे थे। क्यों? क्योंकि उनका शरीर रणभूमि में था, लेकिन मन भविष्य के 'परिणाम' और संबंधियों के 'मोह' में भटक रहा था। युद्धभूमि में शरीर से वे रथ पर बैठे थे, लेकिन मन संशय के रथ पर सवार था। श्रीकृष्ण गीता के छठे अध्याय (ध्यानयोग) में कहते हैं : 'चंचलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम्' (6.34) अर्जुन कहते हैं कि मन तो वायु की तरह चंचल है, उसे रोकना अत्यंत कठिन है। तब श्रीकृष्ण जो उपाय बताते हैं, वह आज के युवाओं के लिए 'मेंटल जीपीएस' जैसा है, 'अभ्यास' और 'वैराग्य'। अभ्यास अर्थात्जब-जब मन बाहर भटके, उसे पकड़कर फिर से 'वर्तमान' में, जहां आप हैं और जो कार्य कर रहे हैं, वहां वापस ले आना।

## मन का लैपटाप हैंग है

आधुनिक संदर्भ में देखें तो हमारे मस्तिष्क की स्थिति इस समय लैपटाप के ब्राउजर जैसी हो गई है। हम वर्तमान में होते हैं, लेकिन दिमाग में 20 'टैब्स' एक साथ खुले रहते हैं। एक टैब में पुराने संबंधों की यादें और नए संबंधों का अफसोस। दूसरी टैब में कैरियर की प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा की चिंता। तीसरी टैब में शारीरिक बीमारी या किसी अज्ञात आपदा का काल्पनिक भय। चौथी टैब में सोशल मीडिया की भ्रामक पोस्ट और असहमति वाले विचारों के प्रति भीतर जमा हुआ क्रोध। जब इतनी सारी टैब्स एक साथ प्रोसेस होती रहती हैं, तब 'लाइफ' नाम का साफ्टवेयर हैंग हो जाता है। बगीचे में बैठे होने पर भी मन का 'लोकेशन' अतीत के किसी डेटा में अटका रहता है। परिणामस्वरूप, वह शांति या सुंदरता 'लोड' ही नहीं हो पाती।

## एक साथ कई कार्य

आज Multitasking अर्थात एक साथ कई कार्य करना आधुनिक युग में भले ही एक कौशल माना जाता हो, लेकिन ऐसा करने से हमारी चेतना बिखर जाती है। हम भोजन करते समय स्क्रीन पर आफिस के मेल देख लेते हैं या ओटीटी प्लेटफार्म पर सीरीज देखने का समय न मिलने के कारण काम करते-करते बीच-बीच में स्क्रीन पर भी नजर डालते रहते हैं। सुबह या शाम के सुंदर वातावरण में चलते समय संगीत या गीत सुनते रहते हैं, जिसके कारण प्रकृति के दृश्य, पक्षियों की मधुर आवाज और जनजीवन को देखने से वंचित रह जाते हैं। ऐसी स्थिति के कारण हम कभी 'पूर्णता' का अनुभव नहीं कर पाते। सुख देने वाले क्षण व्यर्थ चले जाते हैं और मन में ग्लानि तथा तनाव बना रहता है।

## पोषण मिलता है लेकिन,

एक डाक्टर ने एक मानसिक रोगी से पूछा, 'आखिरी बार तुमने स्वाद लेकर भोजन कब किया था?' युवक ने कहा, 'मैं रोज महंगे होटलों में खाना खाता हूं।' लेकिन वह व्यक्ति यह नहीं बता पाया कि उसने आखिरी बार संतोष या सुख की अनुभूति कब की थी। डाक्टर मुस्कराकर बोले, 'जब तुम भोजन करते हो, तब तुम्हारा मन अगली मीटिंग के एजेंडा में होता है। इसलिए भोजन शरीर करता है, मन नहीं। परिणामस्वरूप, पोषण तो मिलता है लेकिन तृप्ति नहीं मिलती।'

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया सी.बी.जी. प्लांट का भूमि पूजन स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में जनपद का बड़ा कदम

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने आज विकासखण्ड ललौरीखेड़ा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम वारनावदा में पहुंचकर जनपद में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र को बढ़ावा देने उद्देश्य सीबीजी प्लांट की भूमि पूजन किया गया। जनपद में सीबीजी प्लांट एडवांस्ड रिन्यूगैज एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है।





इस अवसर पर उन्होंने प्लांट के मॉडल का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों व कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि सीबीजी प्लांट की शुरूआत में क्षमता 6 से 7 टन प्रतिदिन रहेगी, बाद में इस बढ़ाकर 9 से 10 टन प्रतिदिन कर दिया जायेगा। कम्पनी के प्रतिनिधियों द्वारा बताया कि सी0बी0जी0 प्लांट की लगात 40 से 42 करोड है, जो कि प्लाट 05 एकड़ भूमि में स्थापित किया जा रहा है। इसके साथ ही कम्पनी के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि सीबीजी प्लांट का सम्बन्ध एचपीसीएल के साथ है।

पर्यावरण संरक्षण- यह प्लांट कृषि अवशेषों जैसे पराली, मण्डी से बची वेस्ट सब्जियां, मैली, इत्यादि और जैविक कचरे से बायो-सीएनजी तैयार करेगा, जिससे प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि इस प्लांट की स्थापना से क्षेत्र के युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। किसानों को उनके फसल अवशेषों (पराली आदि) का उचित मूल्य मिल सकेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। यह परियोजना वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा को साकार करने और भारत को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर, अन्य अधिकारी, कंपनी के निदेशक, कम्पनी के प्रतिनिधिगण और क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# टोल प्लाजा टिकरी पर टोल कर्मियों के साथ मारपीट

लुकमान खान




**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** टोल प्लाजा टिकरी के कर्मचारी द्वारा समय करीब 16:30 बजे सूचना दी गई कि कुछ व्यक्ति वीआईपी लेन से वाहन निकालने को लेकर टोल कर्मियों के साथ मारपीट कर रहे हैं। सूचना पर थाना बीसलपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची, जहाँ जानकारी हुई कि अभियुक्तगण,रोहित पटेल पुत्र सत्यप्रकाश उम्र करीब 27 वर्ष निवासी परासी रामकिशन थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत,और राजकमल कश्यप पुत्र राजेश उम्र करीब 24 वर्ष निवासी मोहल्ला दुर्गाप्रसाद थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत, सन्तोष गंगवार उर्फ रिंकू पुत्र लोकेश उम्र करीब 27 वर्ष,तथा योगेन्द्र गंगवार पुत्र बालजी उम्र करीब 26 वर्ष व अंकुर गंगवार पुत्र सर्वेश कुमार उम्र करीब 24 वर्ष निवासीगण ग्राम चौसरा थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत द्वारा टोल कर्मी राहुल तोमर पुत्र उदयवीर सिंह उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम रहपुरा जनासी थाना अलीगंज जनपद बरेली के साथ मारपीट की गई तथा उसे जबरन Swift Car संख्या UP 26 AX 5493 में बैठाकर ले जाया गया। घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल उक्त वाहन का पीछा किया गया। पुलिस को पीछे आता देख अभियुक्तगण द्वारा राहुल तोमर को ग्राम पिपरा के पीछे नहर पटरी थाना बरखेड़ा क्षेत्र में वाहन से उतारकर फरार होने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा राहुल तोमर को सुरक्षित बरामद कर मेडिकल परीक्षण कराया गया। पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए सभी 05 अभियुक्तगण को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर उपरोक्त अभियुक्तगण पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त Swift कार बरामद कर ली गई है तथा सभी अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# किसानो मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत जी की 15 वी पुण्यतिथि 'जल जंगल- जमीन पर्यावरण बचाओ' संकल्प दिवस के रूप में मनाई



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के जिला कार्यालय पर जिसमें हवन पूजन श्रद्धांजलि का कार्यक्रम एवं प्रसाद वितरण कर बाबा टिकैत को याद किया गया। जिला अध्यक्ष हापुड़ जीते चौहान ने कहा कि महात्मा टिकैत वह पुण्य आत्मा थी जिन्होंने किसानों को अपने अधिकारों के लिए लड़ना सिखाया, आज हम सब उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प के साथ-साथ उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रण ले और पूरी ईमानदारी के साथ किसान मजदूर हित में संघर्ष करें। इस मौके पर उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बबली त्यागी प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश त्यागी मंडल महासचिव धनबीर शास्त्री मंडल उपाध्यक्ष सब्बू चौधरी मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पंकज चौधरी संदीप चौधरी गजेंद्र त्यागी नवदीप सिंह परमजीत सिंह नितेश त्यागी राजकुमार त्यागी कुलदीप त्यागी सुनील चौहान तेजवीर चौहान सुभाष चौहान मनोज प्रधान जतिन सिरोही जसवंत गिरी सरिता देवी ममता शर्मा चौधरी चमन सिंह चौधरी कमल सिंह संदीप भटेल नौशाद भाई रिजवान तोमर विक्की त्यागी गौरव मिश्रा विकास झंडा सहित सैकड़ो से अधिक संख्या में किसान एवं मजदूर उपस्थित रहे।

# सपा ने किया गढ़मुक्तेश्वर में विशाल महिला महासम्मेलन हजारों की संख्या में शामिल हुई महिलाएं

हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर में विशाल महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा से हजारों महिलाओं ने हिस्सा लिया।महिला सम्मान समारोह का आयोजन समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में किया गया।महिला सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और हापुड़ जनपद के प्रभारी प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव रहे। प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव ने बताया गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में महिला सम्मान का यह विशाल आयोजन महिलाओं को सम्मान और सशक्तिकरण देने का कार्य कर रहा है।



गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में लगातार कार्यक्रम चल रहे हैं और इस वर्ष 10000 महिलाओं के सम्मान का लक्ष्य रखा गया है। प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव जी ने बताया समाजवादी सरकार आने पर परिवार की महिला मुखिया को 40000 समाजवादी पार्टी की तरफ से दिए जाएंगे साथ ही 300 यूनिट बिजली फ्री प्रत्येक परिवार के की जाएगी।

प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव जी ने बताया महिलाओं के लिए और भी योजनाएं उनको सशक्त करने के लिए समाजवादी सरकार में बनाई जाएगी गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा की सभी महिलाओं को विश्वास दिलाया उनके हर सुख दुख में समाजवादी पार्टी उनके साथ है।

कार्यक्रम का संचालन समाजवादी नेता अंकित भड़ाना ने किया और बताया गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में हमारी टीम लगातार महिलाओं का सम्मान कर रही है समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने बताया गढ़मुक्तेश्वर में लगातार शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में हम लोग काम कर रहे हैं और 40000 से अधिक लोगों का सम्मान विभिन्न क्षेत्रों में हमारे द्वारा किया गया है आने वाले समय में समाजवादी पार्टी अगर मौका देगी गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा की जनता के बीच चुनाव लड़ेंगे और उनके लिए लगातार कार्य करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन सेवक आदेश गुर्जर,राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील शर्मा,अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पश्चिम अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा,जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा,महेश शर्मा, संजय शास्त्री,बिन्दर कश्यप,अक्षय सेवा समाज से विपिन कुमार,सिस्टर रेसी, हेमंत कुमार और सैकड़ो की संख्या में सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# जमीन हड़पने के चक्कर में जीजा ने की साले गमछे से गला दबा कर की हत्या हत्या करने वाले दो हत्या आरोपी गिरफ्तार



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के थाना सिंभावली थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार की पुलिस टीम ने किया खुलासा।जीजा ही निकला साले का हत्यारा जमीन हड़पने के लिए की थी साले की हत्या बुलंदशहर निवासी शिवकुमार का जनपद हापुड़ के सिंभावली क्षेत्र में रजापुर झाल जखैड़ा रहमतपुर गांव के पास नाले में पड़ा मिला था तीन दिन पहले मिला था शव। थाना सिम्भावली पुलिस ने अल्प समय में जनपद बुलन्दशहर निवासी शिवकुमार की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्यारोपी जीजा सहित 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

जिनके कब्जे से अवैध असलहा (एक पिस्टल व एक तमंचा) मय जिन्दा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद। गिरफ्तार अभियुक्त विनय मृतक शिवकुमार का सगा जीजा है, जिसने ससुराल की जमीन हड़पने के उद्देश्य से अपने साथी के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से अपने साले की गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी थी।

# एसपी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक पीलीभीत द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, पीलीभीत में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात समस्त पुलिसकर्मियों को परेड कराई गई तथा शस्त्र ड्रिल करायी गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा यूपी-112 की गाड़ियों (पीआरवी) को चेक किया गया तथा उनके चालकों से गाड़ियों की स्थिति एवं संभावित समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही पीआरवी वाहनों पर उपलब्ध जीवन रक्षक उपकरणों की उपलब्धता की जांच करते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में उनके



प्रभावी उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी द्वारा समस्त पुलिसकर्मियों को शस्त्रों के सही रख-रखाव, सुरक्षित संचालन एवं प्रभावी प्रयोग के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए तथा अनुशासन एवं सतर्कता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर में स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया तथा परिसर में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# श्री राम राष्ट्रीय साहित्य संस्था अयोध्याधाम जनपद मेरठ के तत्वाधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवियों की कविताओं मे छलका मां का प्यार



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के पिलखुवा, अयोध्यधाम श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्या धाम जनपद मेरठ के तत्वाधान में ऑनलाइन कार्यक्रम मातृ दिवस के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ।संस्था के संस्थापक अशोक गोयल की अध्यक्षता एवं हेमंत सक्सेना मुख्य अतिथि तथा योगेश वशिष्ठ विशिष्ट अतिथि रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ दिलीप कुमार शर्मा के द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ संचालन विधिवत अरुणा पवार एवं श्रीमती राम कुमारी के द्वारा किया गया विशेष सान्निध्य प्राप्त हुआ वरिष्ठ कवयित्री बीना गोयल राष्ट्रीय प्रभारी जी का। भिन्न-भिन्न शहरों से अनेकों साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की जिसमें प्रेमचंद मेरठ हेमंत सक्सेना सारिका मेहता मेरठ राम कुमारी मेरठ चुन्नी रस्तोगी मेरठ अरुणा पवार मेरठ सुशीला जांगड़ा हरियाणा सुरेश कुमार सुलोदिया हरियाणा योगेश वशिष्ठ अलवर श्रीमती सपना अग्रवाल मुजफ्फरनगर राजीव कुमार मेरठ दिलीप कुमार शर्मा देवास मध्य प्रदेश गुलाब सिंह मेरठ डॉक्टर शेषपाल सिंह आगरा उत्तर प्रदेश रामस्वरूप मयूरेश झारखंड कल्पक कलपश, किरण अग्रवाल, रीना मित्तल मेरठ श्रीमती कविता मधुर मेरठ आज की गरिमामई उपस्थिति रही कार्यक्रम का विराम अशोक गोयल चक्रवर्ती की कविता एवं सभी साहित्यकारों का आभार प्रकटीकरण के द्वारा किया गया।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने जनसंपर्क करते हुए बंद को सफल बनाने की अपील की गई

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** आज जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी ने बीस मई को थोक एवं फुटकर दवा के व्यापार बंदी को लेकर दवा विक्रेताओं से जनसंपर्क करते हुए बीस मई को व्यापार बन्द का आवाहन किया गया।

ज्ञात रहे ऑल इंडिया केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आवाहन पर बीस मई को व्यापार बन्द का ऐलान किया गया है। क्योंकि ऑनलाइन दवा की बिक्री होने से थोक एवं फुटकर व्यापार पर आर्थिक नुकसान लगातार व्यापारियों को उठाना पड़ रहा है।




और संगठन के द्वारा प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर लगातार मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही है लेकिन सरकार द्वारा संगठन की मांगों पर किसी प्रकार ध्यान नहीं दिया जा रहा इसी क्रम में बीस मई को अखिल भारतीय स्तर पर बंद करने का आवाहन किया गया है जिला अध्यक्ष विनोद तिवारी ने बताया कि ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री से बड़ी मात्रा में नकली दवाइयां के कारोबार को छूट मिल रही है। और ऑनलाइन पर फर्जी दवा पर्चा से कई नशीली दवाएं और प्रेगनेंसी किट की भी बड़ी मात्रा में ऑनलाइन बिक्री किए जाने से समाज में बेहद नुकसान की स्थिति बन रही है। जनसंपर्क करने वालों में उपाध्यक्ष शिव हरि अग्रवाल महामंत्री आलोक बंसल,नितिन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# 2 जून की 'समरसता रैली' को ऐतिहासिक बनाने में जुटे सुभासपा नेता

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**मुरादाबाद।** आगामी 2 जून 2026 को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की 'समरसता रैली' को ऐतिहासिक बनाने के लिए पार्टी ने कमर कस ली है। इसी क्रम में शुक्रवार को मुरादाबाद स्थित जिला कार्यालय पर मंडल स्तरीय संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुरादाबाद मंडल के सभी जनपदों से पहुंचे पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने भाग लिया। मंच पर पहुंचे राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय नेताओं का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ रामावतार जिंदल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ




सतीश अग्रवाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता दयाराम भार्गव, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ रितेश, प्रदेश उपाध्यक्ष बलराज प्रजापति एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा मंच दीपक चौहान खटीक मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में 2 जून की समरसता रैली को लेकर विस्तृत संगठनात्मक समीक्षा की गई। मुरादाबाद मंडल के सभी जिलाध्यक्षों एवं विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों को रैली में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नेताओं ने कहा कि गांव-गांव एवं बूथ स्तर तक जनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी की नीतियों और रैली के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाया जाए। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि समरसता रैली केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि सामाजिक एकता, पिछड़े, दलित, शोषित एवं वंचित समाज की आवाज को मजबूती देने का एक बड़ा मंच है। उन्होंने कहा कि सुभासपा लगातार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है। पार्टी का उद्देश्य समाज में भाईचारा, सम्मान एवं समान भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यकताओं से पूरी निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करने का आ'ान किया गया। बैठक के बाद राष्ट्रीय प्रवक्ता दयाराम भार्गव ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी एनडीए का एक मजबूत घटक दल है। पार्टी आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में मुरादाबाद मंडल की सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। 'हम एनडीए गठबंधन के साथ मिलकर प्रदेश में मजबूत सरकार बनाएंगे और समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य करेंगे,' भार्गव ने कहा। उन्होंने दावा किया कि पार्टी लगातार प्रदेश में अपना जनाधार मजबूत कर रही है और आने वाले समय में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरेगी। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि 2 जून की समरसता रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दें और अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर पार्टी की ताकत का प्रदर्शन करें।

# जिलाधिकारी द्वारा विकासखण्ड क्षेत्र ललौरीखेडा के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव द्वारा आज विकासखण्ड क्षेत्र ललौरीखेडा के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षा में पहुंचकर छात्राओं से संवाद कर शिक्षा के स्तर को परखा, साथ ही कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर करने हेतु विशेष ध्यान रखें, ताकि छात्राओं का भविष्य उज्जवल हो सके। उन्होंने कहा कि पठन-पाठन का कार्य सभी अध्यापक/अध्यापिकाऐं समय



सारिणी के अनुसार करें, जिससे शिक्षा के स्तर को और बेहतर किया जा सके, कहा कि लापरवाही किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगी।

उन्होंनें तत्पश्चात रसोईघर एवं छात्रावास को देखा। निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता देखी, जिस पर जिलाधिकारी ने वार्डन को हरी सब्जी एवं निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन बनाने के निर्देश दिये, कहा कि भोजन की गुणवत्ता में लापरवाही न बरती जाये। साथ ही छात्रावास में विद्युत, नहाने हेतु पानी, बिस्तर की साफ सफाई आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर, प्रधानाचार्य, अध्यापिकाऐं, वार्डन उपस्थित रहे।

# जनसमस्याओं पर डीएम गंभीर, चौपाल में ढिलाई बरतने वाले अफसरों को सुधरने की हिदायत

असदुल्लाह सिद्दीकी




**लोटन/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** विकास खंड लोटन बाजार की ग्राम पंचायत देवपुर मस्जिदिया में 'गांव की समस्या, गांव में समाधान' ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभपहुंचाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने पेंशन, राशन, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, बिजली बिल, वरासत और भूमि विवाद जैसी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने कई योजनाओं का लाभ मिलने की बात कही। इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन के मामलों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड बनवाने में तेजी लाने को कहा गया, ताकि गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिल सके। किसानों की समस्याओं पर जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और किसान सम्मान निधि से जुड़े मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से बिजली विभाग की एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंजीकरण कराकर ग्रामीण बिजली बिल में छूट प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राशन वितरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने देने, भूमि विवाद और पैमाइश के मामलों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा जन्म, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र निर्धारित समय में जारी करने के निर्देश भी दिए। महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार प्रशिक्षण और आर्थिक सहायता प्रदान कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की गई, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। ग्राम चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम भी संपन्न कराया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, उपजिलाधिकारी नौगढ़ राहुल सिंह, पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, डीसी एनआरएलएम देवनंदन दूबे, उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी लोटन सर्वेश मोहन, ग्राम प्रधान रचना श्रीवास्तव समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## राज्य के विकास, निवेश, कौशल विकास तथा समावेशी प्रगति से जुड़े विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

**देहरादून(वेलकम इंडिया)।** लोक भवन में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) उत्तराखण्ड के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के मध्य राज्य के विकास, निवेश, कौशल विकास तथा समावेशी प्रगति से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत संवाद हुआ। संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि उद्योग जगत केवल आर्थिक संपदा का निर्माण करने वाला क्षेत्र नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण, नवाचार, रोजगार सृजन और सामाजिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण भागीदार भी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को विकसित, आत्मनिर्भर और समावेशी राज्य बनाने में उद्योगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। राज्यपाल ने कहा कि राज्य की विकास यात्रा केवल सरकार के प्रयासों से पूर्ण नहीं हो सकती, बल्कि इसके लिए सरकार, उद्योग, शिक्षा जगत और समाज के बीच मजबूत सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र विकास प्रक्रिया का केवल सहयोगी नहीं, बल्कि एक 'स्ट्रेटेजिक फोर्स मल्टीप्लायर' है, जो निवेश, नवाचार, प्रबंधन क्षमता और तकनीकी दक्षता के माध्यम से विकास को गति देता है। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए सरकार, उद्योग, शिक्षा संस्थानों एवं प्रशासन के बीच निरंतर संवाद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में उद्योग, शिक्षा जगत और प्रशासन से जुड़े प्रतिनिधियों को साथ लेकर विस्तृत विचार–विमर्श किया जाएगा, ताकि उत्तराखण्ड के विकास के लिए ठोस एवं व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार की जा सके। बैठक के दौरान सीआईआई के सदस्यों ने औद्योगिक विकास, कौशल उन्नयन, निवेश संवर्धन तथा रोजगार सृजन से संबंधित विभिन्न सुझाव भी राज्यपाल के समक्ष रखे। इस अवसर पर सीआईआई उत्तराखण्ड के अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अंडा फेंकने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, कई घायल

असदुल्लाह सिद्दीकी





**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** जनपद के डुमरियागंज थाना क्षेत्र के बढ़या भोला नाथ निवासी इरफान अहमद ने थाना डुमरियागंज में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि आपसी कहासुनी के बाद कुछ लोगों ने उनके घर और बाद में अस्पताल परिसर में हमला कर दिया, जिसमें कई लोग घायल हो गए तथा वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया।प्रार्थना पत्र के अनुसार एक घरेलू कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच अंडा फेंकने की बात को लेकर विवाद शुरू हुआ।

आरोप है कि रात करीब 11 बजे कुछ लोग इरफान अहमद के घर पहुंचे और गाली,गलौज करने लगे विरोध करने पर लाठी,डंडों और लात,घूंसों से मारपीट की गई शोर सुनकर आसपास के लोगों ने बीच,बचाव कर मामला शांत कराया पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद घायल परिजनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवा ले जाया गया।

रात करीब एक बजे अस्पताल पहुंचने पर 30 से 35 लोगों का समूह वहां भी पहुंच गया और दोबारा हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान इरफान अहमद, इम्तियाज, इलियास और राजू को चोटें आईं तथा उनकी थार वाहन को भी नुकसान पहुंचाया गया। इरफान अहमद ने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

जब इस संबंध में डुमरियागंज थाना प्रभारी प्रकाश यादव से बात कि गई तो उन्होंने बताया तहरीर मिली है ! तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## उत्तराखंड में 70 फीसदी पूरा हुआ मकानों के सूचीकरण और आवास जनगणना का कार्य

ओ.पी. उनियाल

**देहरादून(वेलकम इंडिया)।** जनगणना के राष्ट्रीय अभियान में उत्तराखंड के मकानों के सूचीकरण और आवास जनगणना का कार्य 70 फीसदी तक पूरा हो गया है। इस कार्य के लिए 24 मई डेडलाइन तय की गई है। जनगणना कार्य में लगी टीमों ने अभी तक 19 लाख घरों में दस्तक दी है और डाटा संग्रहित किया है। इस लिहाज से 86 लाख की आबादी को कवर किया गया है। भारत के महा रजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशु के साथ जनगणना कार्य की समीक्षा की। उन्होंने वर्चुअल मीटिंग कर जिलाधिकारियों और नगर आयुक्तों से फीडबैक लिया। इस अवसर पर बताया गया कि पर्वतीय जिलों में चंपावत जैसे जिले में बेहतर कार्य हुआ है। देहरादून जिले में कई जगह कार्य शुरू न होने के संबंध में डीएम सविन बंसल ने जानकारी दी कि अब सभी जगह पर काम शुरू हो गया है। नगर निगम देहरादून आयुक्त नमामि बंसल ने स्पष्ट किया कि कई जगहों पर डाटा संग्रहित कर लिया गया है, लेकिन उसकी फीडिंग का कार्य शेष है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार से पोर्टल पर सभी जगह काम शुरू दिखाई देगा। पिथौरागढ़ डीएम आशीष कुमार भटगांई और बागेश्वर डीएम श्रीमती आकांक्षा कोंडे ने भी अपने अपने जिले में जनगणना कार्य की स्थिति स्पष्ट की। महा रजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त ने कहा कि जनगणना के कार्य में आंकड़ों की गुणवत्ता की सबसे ज्यादा अहमियत है। क्योंकि इसी पर परिसीमन से लेकर जनकल्याणकारी योजनाओं का आधार टिका हुआ है। उन्होंने सभी से अपील की कि आंकड़ों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए डाटा की जांच पर बहुत ध्यान दिया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि उत्तराखण्ड जनगणना कार्य में शेष बचे एक तिहाई कार्य को भी समयबद्ध ढंग से पूरा कर लेगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में किया गया अच्छा काम ही दूसरे चरण की सफलता का मजबूत आधार साबित होगा। प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु ने कहा कि जनगणना का कार्य राष्ट्रीय अभियान है, जिसका देश की प्रगति और विकास से गहरा नाता है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए पूरा करना है। बैठक में जनगणना कार्य के सचिव दीपक कुमार, निदेशक श्रीमती ईवा आशीष श्रीवास्तव, अपर सचिव सुरेश जोशी आदि उपस्थित थे।

# विधायक विनय वर्मा ने किया पेयजल योजना का लोकार्पण

असदुल्लाह सिद्दीकी



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** जनपद सिद्धार्थनगर के विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत वुढापार में शुक्रवार को 'जल जीवन मिशन' (हर घर जल) योजना के तहत एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ा। विधायक शोहरतगढ़.विनय कुमार वर्मा द्वारा नवनिर्मित पेयजल योजना का भव्य लोकार्पण और 'जलार्पण' कर शुभारम्भ किया गया। आपको बता दें कि पेयजल योजना की कुल लागत 167.71 लाख, अनुमोदन वर्ष 2023-24 सहित शीर्ष जलाशय-125 किलोलीटर क्षमता व वितरण प्रणाली 8.090 किमी0 है। वहीं ब्लाक शोहरतगढ़. के ग्राम पंचायत बूढ़ापार में गृह जल संयोजन 348 परिवारों को सीधे घर तक कनेक्शन किया गया है और सौर ऊर्जा 16 किलोवाट का सोलर पैनल प्लान्ट सहित पंपिंग प्लान्ट 450 लीटर प्रति मिनट के श्राव वाला शक्तिशाली पम्प है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शोहरतगढ़. विनय वर्मा ने सबसे पहले जल संयंत्र का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने विधि-विधान से फीता काटकर, 'जलबंधन', 'जलार्पण' और 'जल संकल्प' की प्रक्रिया पूर्ण की। जिसके क्रम में बुढापार गांव के 'हर घर में नल से शुद्ध जल' की आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है। विधायक विनय वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि '167.71 लाख की लागत से तैयार यह योजना बुढापार गांव के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। 16 किलोवाट के सोलर पैनल से यह योजना पर्यावरण के अनुकूल भी है। ग्रामीणों को अब शुद्ध जल के लिए दूर नहीं जाना होगा।' उन्होंने पानी की बबार्दी रोकने और जल संरक्षण पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, खण्ड विकास अधिकारी चन्द्र भूषण तिवारी, सांसद प्रतिनिधि शोहरतगढ सूर्य प्रकाश पाण्डेय, अधिशासी अभियन्ता संजय कुमार जायसवाल, ग्राम प्रधान जीवन कुमार श्रीवास्तव, DPMU कोऑर्डिनेटर राजेश मिश्रा, TPI के DPM अभिषेक यादव एवं 'जैक्सन-विश्वराज (जे0वी0)' के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मथुरा रेडियो से पुरुषोत्तम मास पर डॉक्टर गोपाल चतुर्वेदी की वार्ता का प्रसारण 17 मई को

वेलकम इंडिया संवाददाता



**वृन्दावन।** नगर के प्रख्यात अध्यात्मविद व साहित्यकार 'यूपी रत्न' डॉ. गोपाल चतुर्वेदी की हिन्दी वार्ता का प्रसारण आकाशवाणी के मथुरा-वृन्दावन केंद्र से 17 मई 2026 को प्रातः 09 बजे से किया जाएगा।

इस विषय में जानकारी देते हुए आकाशवाणी मथुरा-वृन्दावन केंद्र के कार्यक्रम निष्पादक ओपी सिंह ने बताया है कि 'भारतीय संस्कृति में पुरुषोत्तम मास' विषय पर प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी की हिन्दी वार्ता का प्रसारण 17 मई 2026 को प्रातः 09 बजे से केंद्र द्वारा किया जाएगा। यह हिन्दी वार्ता 15 मिनट की होगी। जिसे सभी श्रोतागण आकाशवाणी के एफ.एम. चैनल पसंख्या 102.20 पर श्रवण कर सकते हैं।

# बाढ़ से पहले कटाव रोकने की तैयारी अधूरी, धीमी रफ्तार देख भड़के डीएम

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** बरसात का मौसम नजदीक आने के साथ ही कूड़ा नदी के किनारे बसे गांवों में कटान का खतरा बढ़ गया है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को कूड़ा-घोघी तटबंध पर चल रहे कटाव निरोधक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यों की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की गई।

जिलाधिकारी ने कूड़ा नदी के बांये तट पर स्थित तटबंध के किमी 14.940 से 15.190 के मध्य ग्राम इमिलिया और किलोमीटर 20.040 से 20.290 के मध्य ग्राम मस्जिदिया के पास चल रहे कार्यों का जायजा लिया। मौके पर लांचिंग एप्रन और स्टेप स्लोप पिचिंग का कार्य प्रगति पर मिला।

क्षेत्रीय लोगों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्य पूरा नहीं हुआ, तो बरसात में नदी का तेज बहाव आसपास की आबादी और कृषि भूमि के लिए खतरा बन सकता है। अधिशासी अभियंता ने जिलाधिकारी को बताया कि परियोजना के तहत 250 मीटर एज क्रेटिंग, स्टेप स्लोप पिचिंग, स्लोप पिचिंग और तीन रो में परक्यूपाइन लगाने का कार्य प्रस्तावित है। विभागीय जानकारी के अनुसार, कार्य की शुरूआत 31 मार्च 2026 से हुई है और इसे 30 जून 2026 तक पूरा किया जाना है।

हालांकि, मानसून नजदीक होने के कारण अब कार्य की गति पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यों को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तय समय सीमा के भीतर पूरा करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की।

कूड़ा नदी के कटान से हर वर्ष बरसात में तटवर्ती गांवों में दहशत का माहौल बन जाता है। कई बार किसानों की उपजाऊ जमीन नदी में समा चुकी है।

ऐसे में इस बार प्रशासनिक दावे कितने जमीन पर उतरते हैं, यह आने वाले मानसून में साफ होगा। निरीक्षण के दौरान इं. कृपा शंकर भारती (अधिशासी अभियंता ड्रेनेज खंड), रवि रंजन कुमार (सहायक अभियंता), राधेश्याम भारती (जूनियर इंजीनियर), राकेश कुमार (जूनियर इंजीनियर) सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पोक्सो एक्ट में एक को किया गया गिरफ्तार




राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** थाना नानौता पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार 14 मई को वादिया द्वारा थाना नानौता पर एक लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त समीर पुत्र याकूब निवासी ग्राम बाबूपुरा थाना नानौता जनपद सहारनपुर द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ गलत नियत से छेडछाड करने के संबंध में थाना नानौता पर मुकदमा पॉक्सो अधिनियम पंजीकृत किया गया है। एसएसपी ने घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की शीघ्र गिरकिया गया तारी हेतु दिशा-निर्देश दिये गये, जिनके क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी के कुशल नेतृत्व में 14 मई की रात्रि को थाना नानौता पुलिस द्वारा मुकदमा में वांछित अभियुक्त समीर पुत्र याकूब निवासी ग्राम बाबूपुरा थाना नानौता जनपद सहारनपुर को ग्राम बाबूपुरा से गिरकिया गया तार किया गया।

## आगामी 29 मई से उत्तराखण्ड में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रकिया शुरू होगी

वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** आगामी 29 मई से उत्तराखण्ड में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रकिया प्रारम्भ होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने सचिवालय में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

सीईओ ने राजनैतिक दलों से इस अभियान में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र मतदाता वोटर सूची से न छूटे और अपात्र मतदाता, सूची में शामिल ना हो।

उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य में 1 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर एसआईआर प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। इस दौरान 29 मई से 7 जून 2026 तक गणना प्रपत्र की प्रिंटिग, कर्मचारियों के प्रशिक्षण संबंधी कार्य सम्पादित किए जाएंगे।

8 जून से 7 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलन किया जाएगा। 14 जुलाई 2026 को ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन किया जाएगा इसके साथ ही 14 जुलाई से 13 अगस्त 2026 के बीच दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय दिया गया है। इसी बीच 10 जुलाई से 11 सितंबर 2026 तक सभी नोटिस जारी कर दावे आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।

आयोग के निदेर्शानुसार 15 सितंबर 2026 अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। सीईओ ने एसआईआर को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए राजनैतिक दलों से सहयोग की अपील की।

उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से आगामी दो सप्ताह में शत प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट्स नियुक्त करने की अपील की।

सीईओ ने बताया कि उत्तराखण्ड में 11,733 पोलिंग बूथ के सापेक्ष वर्तमान में राजनैतिक दलों द्वारा 22 हजार बीएलए की तैनाती कर दी गई है। इस दौरान उन्होंने 'बुक अ कॉल विद बीएलओ' के बारे में भी विस्तार से बताया।

बैठक में एसीएओ डॉ विजय कुमार जोगदंडे, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री किशन सिंह नेगी सहित भाजपा, कांग्रेस, बीएसपी, सीपीआई (एम) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गैस एजेंसी की जमीन पर रास्ते की चर्चा से गरमाई राजनीति, प्रशासन ने कराया सीमांकन

## दिन भर चर्चा में रहीं शोहरतगढ़ में गैस एजेंसी के रास्ते की राजनीति, घंटों चला सीमांकन

असदुल्लाह सिद्दीकी





**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ में एक कथित रास्ता विवाद को लेकर तहसील प्रशासन को करीब साढ़े 6 घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं चचाओं के मुताबिक शोहरतगढ़ विधानसभा के एक बड़े नेता को मुख्य मार्ग यानी खुनुवां बाईपास रोड से गैस एजेंसी के रास्ते उनके भविष्य के आवासीय प्लॉट तक मार्ग दिलाने को लेकर प्रशासनिक अमला सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मौके पर जुटा रहा।

करीब 06 घंटे चली पैमाइश और सीमांकन के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट माना कि किसी अन्य व्यक्ति की निजी सम्पत्ति से अवैध अथवा अनाधिकृत रास्ता नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित भूमि पर उसी व्यक्ति का वैध कब्जा माना जायेगा, जिसकी सम्पत्ति है। सीमांकन के बाद जेसीबी मशीन बुलाकर गड्ढा भी खुदवाया गया, ताकि जमीन का स्पष्ट बंटवारा किया जा सके।

आपको बता दें कि राजा योगेन्द्र प्रताप सिंह के पैरोकार के रूप में राजू रावत ने भी राजा की भूमि तक जाने के लिए लगभग 18.5 फीट चौड़ा मार्ग चिन्हित करवा लिया। हालांकि मौके पर मौजूद सैकड़ों लोगों के बीच देर शाम तक यह चर्चा बनी रही कि आखिर वास्तविक विवाद किसके बीच और किस बात को लेकर था। यह रहस्य शाम 5 बजे तक भी कायम रहा। चचाओं के मुताबिक जिस जमीन की करीब 6 घंटे तक पैमाइश की गई, उसके सम्बन्ध में कोई लिखित आदेश भी मौजूद नहीं था। आरोप यह भी लगे कि तहसील प्रशासन किसी बड़े नेता के दबाव में मौखिक निर्देश पर कार्रवाई करने पहुंचा था।

चचाओं द्वारा उक्त कथित विवाद शोहरतगढ़ स्थित राजा योगेन्द्र प्रताप सिंह के प्लॉट तक पहुंच मार्ग को लेकर था, जिसमें कस्बा निवासी रामदेव यादव की भूमि तथा उत्तमा सोनी एचपी गैस ग्रामीण वितरण केन्द्र संचालक राजेश कुमार आर्या की बैनामा शुदा जमीन शामिल थी। आरोप है कि जब गैस एजेंसी संचालक राजेश आर्या अपनी बैनामा शुदा भूमि पर गेट निर्माण करवा रहे थे, तभी तहसील प्रशासन ने निर्माण कार्य रुकवा दिया और अगले दिन मौके पर पैमाइश के लिए पहुंच गया। स्थानीय चचाओं के मुताबिक, न तो किसी पक्ष ने औपचारिक शिकायत की थी और न ही सीमांकन की कोई मांग की गई थी। लोगों के बीच यह भी चर्चा रही कि एक बड़े राजनीतिक प्रभाव वाले व्यक्ति को उक्त जमीन से अपने प्लॉट तक रास्ता चाहिए था, जिसके लिए एजेंसी संचालक तैयार नहीं थे। आरोप है कि प्रशासनिक दबाव में उनकी निजी भूमि से सार्वजनिक मार्ग निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में यह प्रयास सफल नहीं हो सका। अन्ततः तहसील प्रशासन ने कथित रूप से संबंधित तीनों पक्षों की भूमि का सीमांकन कर मामले का निस्तारण कराया। इस पूरी प्रक्रिया में हल्का लेखपाल, राजस्व निरीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को करीब 6 घंटे का समय लगा। एसडीएम द्वारा मामले के निस्तारण के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें न्यायपूर्ण निर्णय के लिए धन्यवाद भी दिया। तहसील और थाना प्रशासन की मौजूदगी में विवाद समाप्त करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम विवेकानन्द मिश्रा, तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव, नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, राजस्व निरीक्षक अवधेश सिंह, राजस्व निरीक्षक नवनीत नागर, लेखपाल सन्तोष शुक्ला, लेखपाल मोहित सिंह, प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्रा, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, अभय प्रताप सिंह, सौरभ गुप्ता, संजय कसौधन, सतीश खेतान, बबलू गौड़, दिलीप वर्मा, मनोज कुमार गुप्ता, अनूप गोस्वामी, रमेश वर्मा, सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय सहित उप निरीक्षक रामबदन यादव, हेड कांस्टेबल दिनेश यादव, हेड कांस्टेबल प्रभाकर यादव आदि मौजूद रहे।

# समर कैम्प में बच्चों ने सीखा कला, संगीत व नृत्य का कौशल

## ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में भारतीय भाषा समर कैम्प-2026 का तीसरा दिन

वेलकम इंडिया संवाददाता





**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर शुक्रवार को ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में आयोजित समर कैम्प के तीसरे दिन विद्यार्थियों को कला, संगीत, नृत्य विषय पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के उपरांत छात्र छात्राओं ने कला, संगीत व नृत्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समर कैम्प की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद इस्तियाक अंसारी व संचालन मोहम्मद शाहिद ने किया।

समर कैम्प को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद इश्तियाक अंसारी ने कहा कि संगीत कला स्वर, लय और ताल का एक ऐसा सामंजस्य है जो मानवीय भावनाओं को स्वरबद्ध तरीके से व्यक्त करता है। भारतीय परंपरा में गायन, वादन और नृत्य के त्रिवेणी संगम को संगीत कहा जाता है, जो मन को सुकून और आनंद प्रदान करता है।

यह एक कला रूप है जो ध्वनि और मौन के माध्यम से समय के साथ विकसित होता है। उन्होंने कहा कि संगीत के मुख्य तत्वों में स्वर (सा, रे, ग, म, प, ध, नि), लय (गति) और शब्द (गीत) शामिल हैं।

संगीत कला वह ललित कला है, जिसमें सुर (ध्वनि), लय (ताल) और भाव (भावनाओं) का ऐसा सामंजस्य होता है जो मन को आनंदित करता है।

यह केवल एक मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने की एक सशक्त और सार्वभौमिक भाषा है। शिक्षक मुहम्मद परवेज अख्तर ने कहा कि कला मानवीय भावनाओं, विचारों और कल्पनाओं की एक सहज और सुंदर अभिव्यक्ति है। यह किसी व्यक्ति के कौशल, रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता का ऐसा माध्यम है जो देखने या अनुभव करने वाले के मन में आनंद और सौंदर्यबोध जगाता है। उन्होंने कहा कि लय और ताल के साथ शरीर के अंगों का संचालन कर अपनी भावनाओं, विचारों या कहानियों को व्यक्त करना है। यह केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि कला का एक रूप है।

इस दौरान प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, अब्दुस्सलाम, मोहम्मद परवेज अख्तर, हकीमुल्लाह, फखरुद्दीन, अखिलेश कुमारी, ओजेर अहमद, जुनैद अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, रफी अहमद, आरिफ अली सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# जनगणना-2027 स्वगणना कार्यशाला में मीडिया कर्मियों ने पूर्ण की स्वगणना प्रक्रिया



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/जिला जनगणना अधिकारी जय प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित स्वगणना (Self EnumerAtion) कार्यशाला में जनपद के समस्त सम्मानित प्रिंट/इलेक्ट्रानिक मीडिया बंधुओं द्वारा स्वगणना पूर्ण की गई। समस्त मीडिया के प्रतिनिधियों द्वारा अपने मोबाइल से स्वगणना (Self Enumeration) की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए एसई आईडी प्राप्त की गई।

अपर जिलाधिकारी/जिला जनगणना अधिकारी द्वारा समस्त मीडिया प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि भारत की जनगणना 2027 के क्रम में मकानों की गणना दिनॉक 07.05.2026 से 21.05.2026 के मध्य पूर्ण किया जाना है, दिनॉक 22.05.2026 से प्रगणक द्वारा मकान गणना कार्य प्रारम्भ किये जाने के पूर्व दिनाँक 07.05.2026 से दिनाँक 21.05.2026 तक स्वगणना का कार्य चल रहा है। इस अवसर पर प्रिंट/इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधिगण, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित अन्य संबंधित आदि उपस्थित रहे।

# जनता के प्रति समर्पण की भावना : थाना महुली में शुद्ध पेयजल व्यवस्था की पहल



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में थानाध्यक्ष महुली दुर्गेश पाण्डेय ने आमजन की सुविधा एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुए थाना परिसर में शुद्ध पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

जल जीवन मिशन अभियान से जुड़ी विश्वाराज एनवायरमेंटल लिमिटेड कंपनी के सहयोग से थाना परिसर में शुद्ध जल उपयोग केंद्र स्थापित किया गया। इस पहल का उद्देश्य थाना में आने वाले फरियादियों, आम नागरिकों एवं पुलिस कर्मियों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। विश्वाराज विश्वाराज एनवायरमेंटल लिमिटेड कंपनी द्वारा प्रतिदिन लगभग 60 लीटर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। थानाध्यक्ष महुली दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि आमजन की सुविधा एवं बेहतर पुलिस-जन संवाद स्थापित करना पुलिस की प्राथमिकता है तथा आगे भी जनहित से जुड़े कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे।

# आगामी त्योहारों को लेकर संतकबीरनगर पुलिस की बलवा मॉक ड्रिल, सुरक्षा व्यवस्था का किया गया पूर्वाभ्यास

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन क्षेत्राधिकारी लाइन अमित कुमार के पर्यवेक्षण में समस्त थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन जनपद संतकबीरनगर में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य त्योहार के दौरान किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से प्रभावी एवं त्वरित ढंग से निपटने के लिए पुलिस बल को पूर्णतः प्रशिक्षित एवं तैयार रखना रहा।

### ड्रिल के दौरान निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया–

दंगा नियंत्रण उपकरणों जैसे हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, ढाल, लाठी, टियर गैस आदि के सुरक्षित एवं प्रभावी प्रयोग की विधि कर उग्र/उपद्रवी भीड़ को नियंत्रित करने हेतु विभिन्न फॉर्मेशन (लाइन फॉर्मेशन, वेज फॉर्मेशन, हाफ मून फॉर्मेशन आदि) का व्यावहारिक अभ्यास किया गया तथा भीड़ को नियंत्रित करने एवं तितर-बितर करने की चरणबद्ध एवं कानूनी प्रक्रिया तहत स्थानीय अभिसूचना इकाई, महिला पुलिस बल, पीआरबी 112 एवं स्थानीय पुलिस के बीच समन्वय स्थापित करना बताया गया। मॉक ड्रिल के दौरान जनपद के समस्त थाना अध्यक्षों, प्रभारी निरीक्षकों एवं पुलिस बल को बलवा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रयोग तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण एवं दिशा-निर्देश दिए गए। अभ्यास के माध्यम से पुलिस कर्मियों को किसी भी आकस्मिक स्थिति में समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने हेतु प्रशिक्षित किया गया। अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को सतर्क रहते हुए जनसुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए। संतकबीरनगर पुलिस झ आपकी सुरक्षा-हमारा संकल्प।

# गौकशी प्रकरण पर भाजपाइयों ने की दोषियों की गिरफ्तारी की मांग



मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के मोहल्ला खेल में सामने आए कथित गौकशी प्रकरण को लेकर भाजपा कार्यकताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन के नेतृत्व में कार्यकताओं ने थाना प्रभारी सतीश कुमार को ज्ञापन सौंपकर मामले में निष्पक्ष जांच और शेष आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।भाजपा नेताओं का कहना है कि इस घटना से हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं तथा क्षेत्र का माहौल खराब करने का प्रयास किया गया है। कार्यकताओं ने पुलिस प्रशासन से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई।मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन ने कहा कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में गलत संदेश देती हैं, इसलिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए। भाजपा के कार्यकताओं ने से शाहरुख की गिरफ्तारी की मांग की और ज्ञापन सोपा। इस दौरान कुशाक चौहान, सतवीर, रवि नामदेव, सादिक, राजीव शर्मा, अनिल बोहरा, दीपक गुप्ता, जितेंद्र चौहान और रामकुमार सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने मामले में निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# गौकशी प्रकरण में 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** नगर के मोहल्ला खेल में गौकशी और पुलिस मुठभेड़ के मामले में फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है एडीजी जोन मेरठ के निर्देश पर जनपद में गौ तस्करी में संलिप्त अपराधियों के सत्यापन अभियान के तहत विगत 12 मई की रात पुलिस मोहल्ला खैल निवासी खलील पुत्र जमील के घर सत्यापन और चेकिंग के लिए पहुंची थी।

इसी दौरान घर के भीतर संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो खलील अपने पुत्रों के साथ कथित रूप से गौकशी करता मिला।आरोप है कि पुलिस टीम को देखकर खलील ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस दौरान उसके दोनों पुत्र नदीम और नावेद छत के रास्ते अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए थे। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान खलील को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया था, जबकि उसके फरार पुत्रों की तलाश जारी थी।

शुक्रवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी नदीम पुत्र खलील को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक 315 बोर तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मेहदावल डिविजन पर मेगा कैंप का हुआ शुभारम्भ, 22 मई तक चलेगा कैंप



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को मेहदावल डिवीजन पर मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। मेहदावल डिवीजन पर शुक्रवार को मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान बकाया भुगतान, बिल सुधार, लोड वृद्धि, मीटर की जांच एवं बदलने का आवेदन, कनेक्शन पर नाम एवं पता बदलवाना, नए विद्युत कनेक्शन से सम्बंधित विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओ का निस्तारण किया गया। यह मेगा कैंप 22 मई तक चलेगा। इस मौके पर जेई मनोज श्रीवास्तव, एसडीओ हरीश मिश्रा, एसडीओ के.एल.यादव, एक्सईएन अभिषेक सिंह, एसडीओ अभय सिंह, जेई अजय चौरसिया, बाबू संवर्ग से शिवम गुप्ता, अभिनाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी हटाने की मांग, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन



मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के रेलवे स्टेशन पर लंबे समय से खड़ी मालगाड़ी के कारण यात्रियों को हो रही परेशानी को लेकर विश्व सनातन धर्म सूर्य सेना के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर समस्या के समाधान की मांग की है।

शुक्रवार को संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक सैनी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि कांधला रेलवे स्टेशन पर पिछले करीब तीन माह से मालगाड़ी खड़ी होने के कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्टेशन पर केवल एक और दो नंबर प्लेटफॉर्म होने के बावजूद फुटओवर ब्रिज की सुविधा नहीं है। ऐसे में यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक जाने के लिए रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। मालगाड़ी के कारण बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार यात्रियों को खड़ी मालगाड़ी के नीचे से निकलने को मजबूर होना पड़ता है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है।

मांग की कि रेलवे स्टेशन पर लंबे समय से खड़ी मालगाड़ी को तत्काल हटाया जाए। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा के लिए फुटओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए। स्टेशन पर शुद्ध पेयजल, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# चेकिंग अभियान में बदमाश गिरफ्तार, अवैध छुरा बरामद

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध छुरा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर जिलेभर में अपराधियों और संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना हेमन्त कुमार के नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान रुस्तम पुत्र प्रकाश निवासी मोहल्ला डुण्डूखेड़ा, के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध छुरा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर चालान कर दिया है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, हेड कांस्टेबल रवि कुमार और हेड कांस्टेबल विपिन कुमार शामिल रहे। थाना पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# कमजोर पिछड़ी जातियों को अधिकार दिलाने के लिए सामाजिक न्याय पार्टी का अभियान तेज, ज्ञापन सौंपा

राजीव मोंगरा




**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** सामाजिक न्याय पार्टी जनादेश के जिलाध्यक्ष मास्टर इसम सिंह के नेतृत्व में अतिपिछड़ा एवं महादलित वर्ग को अलग आरक्षण तथा राजनीतिक भागीदारी दिलाने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेद 340 का उल्लेख करते हुए पिछड़े वर्गों की सामाजिक, शैक्षिक एवं राजनीतिक स्थिति को मजबूत करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि देश में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की व्यवस्था लंबे संघर्ष और विभिन्न आयोगों की सिफारिशों के बाद लागू हुई।

काका कालेलकर आयोग से लेकर मंडल आयोग तक की रिपोर्टों का हवाला देते हुए बताया गया कि पिछड़े वर्गों को उनका अधिकार दिलाने के लिए समय-समय पर प्रयास हुए, लेकिन कमजोर एवं अतिपिछड़ी जातियों को अब तक आरक्षण का पूरा लाभ नहीं मिल सका है।

जिलाध्यक्ष मास्टर इसम सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा पिछड़े वर्गों के वर्गीकरण को लेकर कई आयोग गठित किए गए। न्यायमूर्ति रोहिणी आयोग तथा उत्तर प्रदेश में गठित राघवेंद्र समिति की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आरक्षण का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वर्गीकरण बेहद जरूरी है।

पार्टी पदाधिकारियों ने मांग की कि उत्तर प्रदेश में अतिपिछड़ा एवं महादलित वर्ग को आबादी के अनुपात में अलग आरक्षण दिया जाए। इसके अलावा पंचायत से लेकर लोकसभा एवं विधानसभा तक अलग राजनीतिक आरक्षण, प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक निशुल्क शिक्षा, उत्पीड़न रोकने के लिए अलग कानून बनाने तथा महार/तुरहा जाति को अभिलेखों में दर्ज किए जाने की मांग भी उठाई गई। इस अवसर पर अनिल कश्यप, अमरीश कश्यप, शेखर कश्यप, कुलबीर सिंह, अविनाश चौधरी, कंवरपाल कश्यप, सुनील कुमार, विकास कुमार, रीना राणा, गीता कोरी, झिलमिल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बालिका इंटर कॉलेज में निशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित, 337 छात्राएं होंगी लाभान्वित

वेलकम इंडिया संवाददाता





**जहांगीराबाद।** सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत नगर के लाल कुआँ स्थित डॉ. अनूपलाल बंसल बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा 1 से 8 तक की छात्राओं के लिए एक 'निशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) लक्ष्मीकांत पांडे और जिला विद्यालय निरीक्षक (डी आई ओ एस) विनय कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में मौजूद छात्राओं और उनके अभिभावकों में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक विपिन बंसल, अध्यक्ष मुकेश कुमार, सूर्य प्रकाश बंसल और प्रधानाचार्या डॉ. अर्चना गौतम ने भी अपने विचार साझा किए। पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन शालिनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत पांडे ने कहा कि परिषदीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों के स्तर में लगातार सुधार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब छात्राओं को स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा और एआई आधारित अध्ययन पद्धति के माध्यम से आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं को नियमित रूप से अध्ययन करने और भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं, जिला विद्यालय निरीक्षक विनय कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में संसाधनों को पहले से बेहतर बनाया जा रहा है। उन्होंने सभी छात्राओं को पूर्ण अनुशासन और कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अर्चना गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में कुल 337 छात्राओं को निशुल्क पुस्तकें वितरित की जानी हैं।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की छात्राओं को उनकी पढ़ाई में सहायता प्रदान करना है। सरकार की इन योजनाओं का एकमात्र लक्ष्य हर एक बच्ची को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका बृजबाला, दीपिका, कविता, मीरा, पूजा, राशि, पूनम, योगेश, नेहा, लाल सिंह, अजय गोयल एवं विक्रम प्रवीण शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय ब्राह्मण सभा ने की सपा प्रवक्ता की गिरफ्तारी की मांग



वेलकम इंडिया संवाददाता

**स्याना/बुलंदशहर।** क्षेत्रीय ब्राह्मण सभा के बैनर तले ब्राह्मणजन स्याना के उपजिलाधिकारी लालजी विश्वकर्मा के कार्यालय पर पहुंचे तथा समाजवादी पार्टी प्रवक्ता राजकुमार भाटी की गिरफ्तारी की मांग से संबंधित राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उन्हें सौंपा। क्षेत्रीय ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा, डॉ संजय श्रोत्रिय, सतीश शर्मा, अतुल शर्मा, चंद्रमोहन शर्मा, विजय कुमार शर्मा, निर्दोष शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, सूरजभान शर्मा, सुखदेव शर्मा, जितेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, बॉबी शर्मा आदि द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में राष्ट्रपति को अवगत कराया है कि समाजवादी पार्टी प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा विगत कुछ वर्षों से ब्राहमण समाज के विरुद्ध अनर्गल, अमर्यादित व अभद्र टिप्पणीयां की जा रही है तथा महिला वर्ग के विरुद्ध भी अपमानित भाषा प्रयोग की गई। उक्त द्वारा हिंदुस्तान में जातीय वैमनस्यता बढ़ाने के उद्देश्य से नफरत भरी बयानबाजी की जा रही है, जिसके कारण शांति व्यवस्था बिगड़ सकती है। अवगत कराया है कि उक्त की बयानबाजी से संपूर्ण ब्राह्मण समाज में बेहद आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में उक्त की गिरफ्तारी व कठोर कानूनी कार्यवाही किए जाने के आदेश उत्तर प्रदेश सरकार को देने की मांग की गई।

# तहसीलदार पर किसानों ने लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप, किसानों का फूटा गुस्सा मेरठ मंडल आयुक्त से हुई शिकायत



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर/मेरठ।** शुक्रवार को भाकियू महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह दर्जनों कार्यकताओं के साथ मेरठ मंडल आयुक्त से मिलकर तहसीलदार शिकारपुर के खिलाफ दी शिकायत। भाकियू महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने शिकारपुर तहसील में तैनात तहसीलदार गौरव बिश्नोई पर ग़भीर आरोप लगाते हुए कहा है कि तहसीलदार द्वारा पैसे लेकर मुकदमों का निस्तारण करना व शिकायत लेकर तहसीलदार ऑफिस में पहुंचने वाले फरियादियों के साथ गाली गलौज कर अपने ऑफिस से बाहर भगाना व सरकारी तालाब वह सरकारी चकरोड, सरकारी बंजर भूमि पर साठगांठ कर कब्जा कराने की शिकायत को लेकर मेरठ मंडल आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि किसान गरीब मजदूर विरोधी तहसीलदार के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच करा कर सख्त से सख्त करवाई की जाए।

# वीएलटीडी एवं पैनिक बटन की अनिवार्यता से टूरिस्ट वाहन स्वामियों में भारी आक्रोश,25 मई के बाद संचालन बंद करने की चेतावनी

संतोष कुमार सिंह





**वाराणसी (वेलकम इंडिया)।** बनारस टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की तरफ से विभिन्न मांगों को लेकर आरटीओ वाराणसी में विरोध दर्ज कराया गया तथा अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल आरटीओ कार्यालय पहुंचा और वाहन स्वामियों की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया गया। आरटीओ के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को भी पत्र प्रेषित किया गया। प्रतिनिधिमंडल में प्रवक्ता शशिप्रताप सिंह, महामंत्री प्रकाश जायसवाल, बिनोद सिंह, हर्षवर्धन सिंह, राजन जी एवं प्रभाकर पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। एसोसिएशन ने कहा कि वर्तमान में वाहन फिटनेस, परमिट, प्रदूषण प्रमाण पत्र (पीयूसी) एवं अन्य कागजातों के नवीनीकरण और अप्रूवल में वीएलटीडी (वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस) एवं पैनिक बटन की अनिवार्यता के कारण भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। 1 जनवरी 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहनों के कागजातों पर भी रोक लगाई जा रही है जिससे सैकड़ों टूरिस्ट वाहन संचालन से वंचित हो रहे हैं और वाहन स्वामियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने मांग की कि पूर्व की भांति तीन माह की समर्पण अवधि एक साथ बढ़ाने की व्यवस्था लागू की जाए साथ ही शासन अथवा परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित दर पर वीएलटीडी एवं पैनिक बटन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे वाहन स्वामियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि यदि 25 मई 2026 तक वीएलटीडी एवं पैनिक बटन की समस्या का समाधान नहीं किया गया तथा वाहनों के फिटनेस, परमिट, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजातों का अप्रूवल सुचारू रूप से प्रारंभ नहीं किया गया तो बनारस टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्य अपने टूरिस्ट वाहनों का संचालन बंद कर देंगे तथा सभी वाहन आरटीओ कार्यालय पर खड़ा कर चाबियां जमा करने को बाध्य होंगे। आरटीओ वाराणसी द्वारा प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया गया कि एक सप्ताह के भीतर निदेशालय स्तर पर वार्ता कर समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा तथा पोर्टल और सिस्टम को सुचारू रूप से चालू कराने की कार्रवाई की जाएगी। एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में 1 जनवरी 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहनों पर लगी रोक हटाना, 1 जनवरी 2019 के बाद पंजीकृत वाहनों हेतु वीएलटीडी एवं पैनिक बटन लगवाने के लिए कम से कम एक वर्ष का समय देना तथा फिटनेस, परमिट, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी कागजातों के अप्रूवल पर लगी रोक तत्काल हटाना शामिल है।

# एसएसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** शुक्रवार को डायल-112 के माध्यम से थाना ककोड़ पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम धनौरा में फायरिंग की घटना हुई है। इस सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची तो यह तथ्य सामने आया कि दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फायरिंग की गयी है लेकिन किसी को भी गोली नही लगी है ओर न ही कोई घायल हुआ है।

पूरे प्रकरण में पूर्व की आपसी रंजिश का तथ्य प्रकाश मे आया है। कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। तहरीर प्राप्त कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। # वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया हैं मौके पर उपस्थित लोगों से वार्ता कर घटना के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई तथा पीडित को आश्वस्त किया गया कि प्रकरण में विधिक कार्यवाही निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से की जाएगी तथा सम्बन्धित अधिकारियों को अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# युवाओं के सपनों को मिलेगी उड़ान: आज शिकारपुर में रोजगार मेले का आयोजन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**शिकारपुर।** शिकारपुर क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने और उनकी प्रतिभा को उचित मंच देने के उद्देश्य से 16 मई 2026 को शिकारपुर स्थित सिंह साहब फार्म हाउस में एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन चौपाल फाउंडेशन और भगत सिंह यूनियन के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है।

आयोजकों के अनुसार इस रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता, कौशल और साक्षात्कार के आधार पर सीधे नौकरी के अवसर उपलब्ध कराना है।

मेले में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित कंपनियों और संस्थानों को आमंत्रित किया गया है, जो मौके पर ही अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन प्रक्रिया पूरी करेंगी। ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के युवाओं को अक्सर जानकारी और संसाधनों के अभाव में रोजगार के अवसर नहीं मिल पाते। ऐसे में यह मेला उनके लिए सुनहरा अवसर साबित होगा। आयोजकों का कहना है कि पारदर्शी प्रक्रिया के तहत योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा, जिससे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूती मिलेगी।

मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा और अन्य तकनीकी योग्यताओं वाले युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। साथ ही, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि युवाओं को करियर मार्गदर्शन भी देंगे, ताकि वे अपने कौशल के अनुरूप सही दिशा का चयन कर सकें। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक युवाओं से इस रोजगार मेले में भाग लेने की अपील की है।

उनका कहना है कि यह पहल न केवल रोजगार उपलब्ध कराने का माध्यम है, बल्कि क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

इस आयोजन से शिकारपुर और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। युवाओं को उम्मीद है कि यह रोजगार मेला उनके सपनों को साकार करने की दिशा में एक नई शुरूआत साबित होगा।

# पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा नवनिर्मित पुलिस चौकी नाई नगला थाना छतारी का किया गया उद्घाटन



वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतरिंक्ष जैन द्वारा नवनिर्मित पुलिस चौकी नई नगला, थाना छतारी का फीता काटकर एवं वृक्षारोपन कर भव्य उद्घाटन किया गया। इसके निर्माण से स्थानीय नागरिकों को सुरक्षा, सहायता एवं शीघ्र पुलिस हस्तक्षेप का प्रभावी लाभ प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या, आवागमन एवं सामाजिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए यह चौकी स्थानीय स्तर पर कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। उद्घाटन अवसर पर महोदय द्वारा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि 'हमारा प्रयास है कि हर नागरिक को न्याय एवं सुरक्षा का भरोसा मिले और पुलिस हर वक्त जनसेवा के लिए तत्पर रहे'। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी डिबाई मधूप कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी शिकारपुर शशांक श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बाजार की बुनियादी समस्या जल भराव के समाधान की मांग

वेलकम इंडिया संवाददाता



**स्याना/बुलंदशहर।** व्यापारी सुरक्षा फोरम स्याना ने बाजार में जल भराव हो जाने की व्यापारियों की बुनियादी समस्या को उठाते हुए समाधान की मांग की। मांग से संबंधित ज्ञापन नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी सेवाराम राजभर को सौंपा गया।

ज्ञापन में अवगत कराया कि मामूली बारिश में भी बाजारों में जल भराव हो जाता है तथा पानी दुकानों में आने से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान पहुंचता है।

समस्या के समाधान के लिए संगठन ने मांग की कि नगर के नालों की तल तक सफाई कराई जाए, क्योंकि वर्तमान में सफाई कार्य संतोषजनक ढंग से नहीं हो रहा है। कहा कि यदि नालों की समुचित सफाई हो, तो जलभराव की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है जिससे व्यापारियों को राहत मिल सकती है।

इसके साथ ही संगठन ने मांग रखी कि नालों की सफाई के बाद नालों के अंदर एवं आसपास प्रभावी रूप से कीटनाशक स्प्रे कराया जाए, ताकि मक्खी-मच्छरों की उत्पत्ति को रोका जा सके और नगर में स्वच्छता बनी रहे।

अधिशासी अधिकारी ने व्यापारी सुरक्षा फोरम को आश्वस्त किया कि पूरे नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा तथा जलभराव और स्वच्छता संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

विशेष बात यह रही कि व्यापारी सुरक्षा फोरम में कल ही स्याना तहसील अध्यक्ष मनोनीत किए गए डॉ संजय श्रोत्रिय ने पदभार संभालते ही स्याना नगरपालिका अधिशासी अधिकारी महोदय से मुलाकात कर व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और उनके समाधान की मांग की।

ज्ञापन देते वक्त संगठन के जिला संरक्षक रतनलाल अग्रवाल, नगराध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, नगर तहसील अध्यक्ष डॉ संजय श्रोत्रिय, नगर महामंत्री कपिल सिंघल मौजूद रहे।

# महंगाई का झटका: पेट्रोल डीजल हुआ महंगा




वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** शुक्रवार को देश भर के लोगों को सुबह सोकर उठते ही महंगाई का बड़ा झटका लगा है। सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में तत्काल प्रभाव से प्रति लीटर लगभग 3 की बढ़ोतरी की है। महंगाई की मार पडना तय। बढ़ोतरी का कारण ईरान अमेरिका तनाव के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हुई है। जिससे तेल कंपनियों को भारी नुकसान हो रहा था जिसकी भरपाई के लिए यह कदम उठाया गया है। आम आदमी पर असर: विशेषज्ञ लोगों का मानना है कि इससे परिवहन ट्रांसपोर्ट महंगा होगा जिसका सीधा असर रोजमर्रा की जरूरत वस्तुओं सब्जी राशन पर पड़ेगा और महंगाई बढ़ेगी।

# औरंगाबाद हाउस में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई पंडित लोकपति त्रिपाठी की 99वीं जयंती

संतोष कुमार सिंह





**वाराणसी (वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश सरकार में डेढ़ दशक तक कैबिनेट मंत्री के रूप में विभिन्न मंत्रालयों को दक्षता पूर्वक सम्हालने वाले कुशल जननेता, अखिल भारतीय कांग्रेस की वर्किंग कमेटी के पूर्व सदस्य, उत्तर प्रदेश ओलम्पिक एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और लम्बे समय तक इमानदार जनसेवा की साफ सुथरी राजनिति के पुरोधा और बिना डरे सच बोलने की स्पष्टवादिता के लिये सुविख्यात, काशी सहित मिजार्पुर ही नहीं पूरे उतर प्रदेश के दिग्गज राजनेता स्वर्गीय पंडित लोकपति त्रिपाठी की 99वीं जयंती उनके पैतृक आवास औरंगाबाद हाउस में पारिवारिक वातावरण में सायं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में अपना विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राजनीति में सुचिता और गंभीरता के साथ जन सेवा को व्रत के रूप में स्वीकार कर उसे पर चलने की दलियनिष्ठा के प्रति अज्ञात श्रद्धा रखने की क्षमता बिरला राजनीतिज्ञों में ही होती है, खासकर के आज की राजनीति में तो इस तरह की सोच और व्यक्तित्व के लोग खोजने से भी नहीं मिलते, कुछ ऐसा ही एकदम खुला और विशाल व्यक्तित्व था पंडित लोकपति त्रिपाठी का जो अपनी स्पष्टवादिता के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व समक्ष भी विख्यात थे, हालांकि इसके चलते राजनीति में उन्हें इसकी काफी कीमत भी चुकानी पड़ी थी फिर भी वो अपने सिद्धांतों से कभी डीगे नहीं। गोष्ठी से पूर्व पंडित जी के चित्र के पास दीप प्रज्वलित करके उनके चित्र पर सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की गई। अपना विचार व्यक्त करते हुए विधान परिषद के पूर्व सदस्य पंडित राजेशपति त्रिपाठी ने बताया कि इस बार तो पापा की 99वीं जयंती को हम लोग पारिवारिक वातावरण में उनके साथ काम किये लोगों और परिजनों के साथ मिलकर मना रहे हैं पर अगले वर्ष उनकी 100वीं जयंती को बड़े पैमाने पर पूरे धूमधाम से मनायेंगे जिसके अन्तर्गत वर्ष भर कहीं न कहीं विविध कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता उनके निकट सहयोगी और वरिष्ठ नेता उत्तर प्रदेश सिंचाई आयोग के पूर्व अध्यक्ष रहे पंडित विजय शंकर पांडे ने किया और आदत अतिथियों का स्वागत उनके एकमात्र सुपुत्र पूर्व विधान परिषद सदस्य पंडित राजेश पति त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर उनके पत्र पूर्व विधायक ललितेशपति त्रिपाठी सहित प्रजानाथ शर्मा, सतीश चौबे, डाक्टर महिधर मिश्रा, बैजनाथ सिंह, रविशंकर पाठक विजय शंकर मेहता, मनोज चौबे, आनन्द मिश्रा, राजेंद्र जायसवाल, देवेन्द्र सिंह, वैभव त्रिपाठी, ददऊ बाबू, राकेश राय, दयाशंकर पांडे, शुभम राय, ब्रह्मदेव मिश्रा, कान्ता प्रमुख, राजेश चौधरी, आनंद सिंह गिरीश तिवारी, धर्मेंद्र मिश्रा, हीरालाल शर्मा, आनंद शुक्ला, लाल मिश्रा, महेंद्र सिंह चौहान, मुन्ना सिंह, विजय शंकर मेहता, राजेंद्र तिवारी महंत, पुनीत मिश्रा, विपिन मेहता, राजेंद्र सिंह, अशोक पाण्डे, अंजनी मिश्रा, कमलाकांत पांडे, संजय तिवारी, युवराज पांडेय, निशांत ओझा सहित इत्यादि लोग सम्मिलित रहे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में 'अद्वैय' वार्षिकोत्सव एवं छात्र परिषद गठन समारोह का भव्य आयोजन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में वार्षिकोत्सव 'अद्वैय' एवं छात्र परिषद गठन समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजय जाजू, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ज्योति जाजू उपस्थित रहीं।

समारोह में विद्यालय के चेयरमैन डॉ विक्रम गांधी तथा ट्रस्टी अनीशा गांधी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों का पारंपरिक तिलक एवं पुष्प स्वागत के साथ अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्र परिषद गठन समारोह आयोजित किया गया, जो समारोह का प्रमुख आकर्षण रहा। चयनित विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा बैज एवं शैश प्रदान कर सम्मानित किया गया।

दिगम्बर त्यागी को हेड बॉय, शौर्य भारद्वाज को वाइस हेड बॉय, यादवी गुप्ता को हेड गर्ल तथा राजवी बाहरी को वाइस हेड गर्ल नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त 22 विद्यार्थियों को स्पोर्ट्स कैप्टन, हाउस कैप्टन, वाइस हाउस कैप्टन, कल्चरल एवं लिटरेरी सेक्रेटरी तथा विभिन्न क्लब कैप्टन के पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। समारोह के दौरान कक्षा 6 से 9 तक के अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कॉलर्स बैज एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, वहीं कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

विशेष पुरस्कारों में परम गोयल को 'एकलव्य अवार्ड', नैना शिवाच को 'ऑल राउंडर अवार्ड', सनाया चौधरी एवं अथराव बंसल को 'इमर्जिंग सुपर स्टार', युगल शर्मा एवं अबीर विक्रम सिंह को 'टेक विजार्ड' तथा कनव जग्गी को 'एलोक्वेन्स एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और अधिक आकर्षक बना दिया तथा उपस्थित सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

अपने प्रेरणादायक संबोधन में संजय जाजू ने कहा कि नेतृत्व केवल पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और सेवा का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, संवेदनशीलता एवं सामूहिक नेतृत्व की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. ज्योति जाजू ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, निरंतर प्रयास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के महत्व से अवगत कराया।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ विक्रम गांधी ने छात्र परिषद को विद्यालय की अनुशासनात्मक एवं नेतृत्व प्रणाली की सशक्त आधारशिला बताया। ट्रस्टी अनीशा गांधी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियाँ नहीं, बल्कि जिम्मेदार एवं नैतिक नागरिक तैयार करना है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ ज्योति सिरोही ने विद्यार्थियों को ईमानदारी, विनम्रता एवं समर्पण के साथ अपने दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। समारोह की सफलता में विद्यालय के हेडमास्टर अंकित गैल्याण एवं समस्त शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# मोदीनगर में पहली बार सफलतापूर्वक एएसडी डिवाइस क्लोजर प्रक्रिया सम्पन्न

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मोदीनगर के चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ विद्यावती दुबे हॉस्पिटल में बैठने वाले डॉ शैंकी ने शहर में पहली बार सफलतापूर्वक एएसडी डिवाइस क्लोजर प्रक्रिया को अंजाम दिया। यह आधुनिक हृदय चिकित्सा तकनीक बिना ओपन हार्ट सर्जरी के जन्मजात हृदय रोग एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट (एएसडी) के उपचार में अत्यंत प्रभावी मानी जाती है। एएसडी अर्थात ह्हृदय में छेदह्व एक जन्मजात बीमारी है, जिसमें हृदय के ऊपरी दोनों कक्षों के बीच असामान्य छेद रह जाता है। आधुनिक ट्रांसकैथेटर डिवाइस क्लोजर तकनीक के माध्यम से अब इस समस्या का उपचार बिना बड़ी सर्जरी के संभव है। इस प्रक्रिया में कैथेटर के जरिए विशेष डिवाइस हृदय तक पहुंचाकर छेद को बंद किया जाता है। डॉ. शैंकी ने बताया कि यह प्रक्रिया मरीज के लिए अधिक सुरक्षित, कम दर्दनाक तथा शीघ्र रिकवरी वाली होती है। सामान्यतः मरीज को कम समय के भीतर अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है तथा ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता नहीं पड़ती। इस सफल प्रक्रिया के साथ मोदीनगर अब उन्नत कार्डियक इंटरवेंशन सुविधाओं वाले शहरों की सूची में शामिल हो गया है। स्थानीय लोगों ने इस उपलब्धि को क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। अस्पताल प्रशासन एवं चिकित्सा टीम ने इसे मोदीनगर के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि भविष्य में भी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा।

# पी बी ए एस इंटर कॉलेज में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** पी बी ए एस इंटर कॉलेज में शुक्रवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शिक्षाविद् राजीव दीक्षित के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व से अवगत कराना रहा। शिविर के दौरान तकनीकी प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षकों के शरीर के वजन एवं कद के आधार पर विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी मापदंडों की जांच की गई। इस अवसर पर विद्यालय के करीब 20 शिक्षकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्यामलाल ने सभी अतिथियों, तकनीकी प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर शिक्षकों एवं समाज के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होते हैं।समाजसेवी प्रदीप माहेश्वरी ने भी कार्यक्रम को सराहनीय बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रोजगार दो,सामाजिक न्याय दो, यात्रा कर 18 मई को मोदीनगर में भव्य स्वागत किया जाएगा: हरेंद्र शर्मा

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** सामाजिक कार्यकर्ता, आप पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र मोदीनगर हरेंद्र शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो यात्रा जो 16 मई से मेरठ से चलकर 20 मई को गाजियाबाद पहुंचेगी, उसका 18 मई को मोदीनगर में भव्य स्वागत किया जाएगा।

हरेंद्र शर्मा ने बताया कि रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो यात्रा का 18 मई को मोदीनगर क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ता भव्य स्वागत करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस यात्रा से शिक्षा का समान अधिकार, स्वास्थ्य का समान अधिकार, जाति धर्म की राजनीति का बहिष्कार आदि समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। हरेंद्र शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए अपने संगठन एवं कैडर को मजबूत करने में जुटी हुई है।

पार्टी गरीब, शोषित, वंचित, पिछड़े, अल्पसंख्यक एवं महिलाओं की आवाज बनकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सभी वर्गों की सच्ची हितेषी है सबको साथ लेकर आगे चलती है। इस मौके पर समाजसेवी चतरसेन शर्मा राजपाल त्यागी विनोद शर्मा राजेंद्र शर्मा संजीव मलिक मनोज शर्मा रामवीर चौधरी आस मोहम्मद पवन उपाध्याय अभिषेक सीकरी अश्वनी शर्मा विकास शर्मा प्रदीप प्रजापति संदीप सेन राजन त्यागी सचिन तेवतिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दयावती मोदी पब्लिक स्कूल ने कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल ने कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। इस वर्ष कुल 217 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और सभी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की। विज्ञान संकाय में दक्ष गर्ग ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। गिन्नी गुप्ता एवं श्रेय वशिष्ठ ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि मेधावी ने 94.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में अवंतिका ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्चित ने 93.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान और अग्रिम ने 92.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। मानविकी संकाय में वंशिका ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। विदि गर्ग ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और ऋद्धि राजेश ने 93 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में डीपीएस मोदीनगर का शत-प्रतिशत पदक प्रदर्शन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर के विद्यार्थियों ने नई दिल्ली स्थित तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित 12वीं नेशनल ओपन क्योरुगी एवं पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत पदक प्राप्त कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालय के सभी सात विद्यार्थियों ने अपने कौशल, अनुशासन एवं समर्पण का परिचय देते हुए पदक जीतकर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 10 के युवराज, कक्षा 2 की आध्या, कक्षा 2 के रयांश वर्मा एवं कक्षा 1 के रेयांश ने रजत पदक प्राप्त किए, जबकि कक्षा 10 के हर्षित, कक्षा 6 के अनंत तथा कक्षा 5 की रिद्धिमा ने कांस्य पदक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की यह सफलता उनके सतत अभ्यास, आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी, विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी, प्रधानाचार्या डॉ ज्योति सिरोही ने सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के अथक परिश्रम का परिणाम है, अपितु यह विद्यालय में प्रदान की जा रही गुणवत्ता-युक्त प्रशिक्षण व्यवस्था एवं मार्गदर्शन की भी सार्थकता को दर्शाती है। विद्यालय प्रबंधन ने ताइक्वांडो कोच रेसव के समर्पित प्रशिक्षण एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन की विशेष सराहना की।

# बालक एवं बालिका राष्ट्रीय शूंटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** 45वीं सब जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय शूंटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन 12 से 14 मई 2026 तक एन.टी.आर. स्टेडियम महबूबाबाद, तेलंगाना में किया गया। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश ने गुजरात को 21-18 ,17-21, 21-19 से हराकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश ने पहला, गुजरात ने दूसरा तथा पश्चिम बंगाल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में हरियाणा ने राजस्थान को 21-15, 16-21, 22 -20 से हराकर पहला स्थान प्राप्त किया। राजस्थान दूसरे तथा महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहे । उत्तर प्रदेश के आर्यन मिश्रा को बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया ।बालिका वर्ग में हरियाणा की खिलाड़ी सुमित को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। उत्तर प्रदेश टीम के राष्ट्रीय चैंपियन बनने पर शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजूल अग्रवाल, महासचिव जीत राज तोमर, शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चैयरमैन अजय पाल प्रमुख ,महासचिव श्री तारकेश्वर सिंह, श्री संतोष सिंह, अमर यादव, आयुष गुप्ता व अतुल तोमर ने अपनी शुभकामनाएं दी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि माननीय विधायक महबूबाबाद ,डॉक्टर मुरली नायक भूकिया ने विजेता उपविजेता व तृतीय स्थान पर रहने वाली टीमों को पुरस्कार प्रदान किये।

# ब्राह्मण समाज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी किए जाने पर रिपोर्ट दर्ज की मांग की



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मोदीनगर।** भगवान परशुराम सेवा समिति के प्रमोद कुमार शर्मा ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनंद प्रकाश मिश्र को एक तहरीर देकर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा ब्राह्मण समाज के खिलाफ अत्यंत अपमानजनक अभद्र भड़काऊ की गई टिप्पणी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही की जाने की मांग की है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि गत दिवस समाजवाद पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज के खिलाफ अत्यंत अपमानजनक अभद्र भड़काऊ टिप्पणी की है।

जिससे ब्राह्मण समाज की धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। अशोभनीय टिप्पणी विभिन्न वर्गों के मध्य वैमनस्य एवं तनाव करने वाला है। उक्त टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश है। इससे कानून व्यवस्था प्रभावित होने की प्रबल संभावना है। सपा प्रवक्ता द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति की गई अशोभनीय टिप्पणी दंडनीय अपराध है। तहरीर में राजकुमार भाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस मौके पर प्रमोद शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता जयप्रकाश शर्मा, पप्पन शर्मा, बंटी शर्मा, सार्थक वत्स, राजकिशोर शर्मा, सचिन शर्मा एडवोकेट, विपिन वत्स आदि उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में सुनी गईं शिकायतें, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अतिरिक्त पुलिस आयुक्तों द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कार्यालय में पहुंचे शिकायतकताओं से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतों की विस्तृत जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

Shri Keshav Kumar Chaudhary ने अपने कार्यालय पर आए फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और सभी प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी क्रम में Shri Rajkaran Naiyyar ने भी जनसुनवाई कर नागरिकों की शिकायतों को सुना तथा कानून-व्यवस्था एवं यातायात से संबंधित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

दोनों अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का निस्तारण पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्धता के साथ किया जाए, जिससे पुलिस और जनता के बीच विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

# सड़क हादसा: इंदिरापुरम में विशाल पेड़ गिरने से बड़ा हादसा, दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल







वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित St. Francis School के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा उस समय हो गया जब अचानक सड़क किनारे खड़ा विशाल पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क पर गिर पड़ा। इस अप्रत्याशित घटना में एक स्कूटी ओर एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पेड़ गिरते ही सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और वहां मौजूद लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े।

स्थानीय नागरिकों की तत्परता से दोनों घायलों को सड़क से हटाकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग को भी मामले की जानकारी दे दी गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र के पुराने और जर्जर पेड़ों की तत्काल जांच कर संभावित खतरे वाले पेड़ों को हटाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद मामला और अधिक चर्चा में आ गया है।

# स्वच्छ और सुंदर गाजियाबाद की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदमः आधुनिक स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट ट्रांसफर स्टेशन का भव्य लोकार्पण

## नगर निगम की पहल से शहर में कचरा प्रबंधन व्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती, स्वच्छता मिशन को मिलेगी रफ्तार

**कपिल चौहान**





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित गाजियाबाद के निर्माण की दिशा में नगर निगम द्वारा एक और महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कदम उठाया गया है। इसी क्रम में हिंडन विहार रेत मंडी क्षेत्र में 150 से 250 टन प्रतिदिन (TPD) क्षमता वाले अत्याधुनिक स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट ट्रांसफर स्टेशन का भव्य लोकार्पण किया गया। इस महत्वपूर्ण परियोजना का शुभारंभ आदरणीया मेयर एवं नगर आयुक्त महोदय द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत रूप से किया गया।

यह आधुनिक ट्रांसफर स्टेशन शहर में उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे के वैज्ञानिक एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन में अहम भूमिका निभाएगा। अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित यह केंद्र कचरे के संग्रहण, पृथक्करण, ट्रांसफर एवं निष्पादन की प्रक्रिया को अधिक तेज, प्रभावी और पर्यावरण हितैषी बनाएगा। इससे न केवल शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार होगा बल्कि गाजियाबाद को स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर और बेहतर स्थान प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान अपर नगर आयुक्त महोदय, जोनल सेनेटरी ऑफिसर महोदय सहित नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी ने इस परियोजना को शहर की स्वच्छता व्यवस्था में एक मील का पत्थर बताते हुए इसके सफल संचालन की शुभकामनाएँ दीं। नगर निगम के



अधिकारियों ने बताया कि यह परियोजना 'स्वच्छ भारत मिशन' की भावना को और अधिक सशक्त बनाते हुए गाजियाबाद को स्वच्छ, हरित और स्मार्ट शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

आने वाले समय में इस प्रकार की और भी आधुनिक सुविधाएँ विकसित की जाएंगी, जिससे नागरिकों को बेहतर स्वच्छता सेवाएँ मिल सकें। नगर निगम की यह पहल न केवल शहर की छवि को और निखारेगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्य को भी मजबूती प्रदान करेगी।

# गाजियाबाद डीएम का बड़ा संदेश, बोले- अब जरूरी काम में ही चलेगी सरकारी गाड़ी

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** खाड़ी देशों में जारी तनाव और पेट्रोल-डीजल संकट के गहराते प्रभाव के बीच गाजियाबाद प्रशासन ने ईंधन बचत को लेकर बड़ा संदेश दिया है। प्रधानमंत्री की अपील के बाद गाजियाबाद के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने खुद उदाहरण पेश करते हुए सरकारी वाहन छोड़ बाइक से कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिकारियों और आम जनता को सादगी तथा जिम्मेदारी का संदेश दिया। डीएम के बाइक से कार्यालय पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आम लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना करते हुए इसे ईंधन संरक्षण की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है। लोगों का कहना है कि जब जिले का सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी स्वयं बचत और जिम्मेदारी का संदेश दे रहा है, तो यह समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अनावश्यक रूप से सरकारी वाहनों के काफिले का उपयोग न किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल कानून व्यवस्था, आपातकालीन स्थिति और आवश्यक सरकारी कार्यों में ही सरकारी गाड़ियों का प्रयोग किया जाए। इसके अलावा डीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों को अधिक से अधिक ऑनलाइन मीटिंग आयोजित करने, कार पूलिंग अपनाने तथा छोटी दूरी के कार्यों के लिए दुपहिया वाहन अथवा सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की हिदायत दी है। उनका कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में ईंधन संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि सामाजिक कर्तव्य भी है। डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए देश को ऊर्जा बचत की दिशा में गंभीरता से काम करना होगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे भी अनावश्यक वाहन उपयोग से बचें और ईंधन की बचत में सहयोग करें। जिलाधिकारी की इस पहल को प्रशासनिक हलकों में भी सराहा जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि जब नेतृत्व स्वयं अनुशासन और सादगी का पालन करता है तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे सिस्टम पर दिखाई देता है। गाजियाबाद में डीएम की यह पहल अब चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग इसे जिम्मेदार प्रशासन की मिसाल बता रहे हैं।

# सुरक्षित सफर के लिए नियम जरूरी, यातायात पुलिस का सख्त अभियान जारी





**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस गाजियाबाद लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि सुरक्षित घर पहुंचने के लिए बेहद जरूरी है। यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बिना हेलमेट वाहन चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने, गलत दिशा में वाहन दौड़ाने, ओवरस्पीडिंग तथा मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए ड्राइविंग करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चालान और अन्य कानूनी कार्रवाई लगातार जारी है।

पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान और सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके।

# अंबेडकर नगर में जलभराव की समस्या से मिलेगी राहतः नाले और पुलिया निर्माण को विधायक संजीव शर्मा का आश्वासन

**कपिल चौहान**





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** अंबेडकर नगर ओर शिवपुरी क्षेत्र की वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज स्थानीय पार्षदों द्वारा माननीय विधायक को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पार्षद कन्हैया लाल एवं पवन शर्मा ने अंबेडकर नगर में शौचालय क्षेत्र से अंडरपास तक नाले के निर्माण तथा नरेंद्र मोहित मेडिकल स्टोर के पास पुलिया निर्माण की मांग रखी। इन विकास कार्यों के पूरा होने से अंबेडकर नगर शिवपुरी क्षेत्र में जलभराव (जलपरी) की गंभीर समस्या से स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर माननीय विधायक संजीव शर्मा ने ज्ञापन पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से कराने का आश्वासन दिया। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि इन निर्माण कार्यों के पूरा होने के बाद क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी और बरसात के दौरान होने वाली समस्याओं में उल्लेखनीय कमी आएगी।

# कैंसर से जंग जीतकर नई जिंदगी की ओर लौटी 11 साल की बच्ची

**गाजियाबाद।** मणिपाल हॉस्पिटल्स गाजियाबाद में चिकित्सकों ने एक बेहद दुर्लभ और जटिल मेडिकल केस का सफल उपचार कर 11 वर्षीय बच्ची को नई जिंदगी दी है। कैंसर से जूझ चुकी इस बच्ची को एडवांस्ड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के माध्यम से सामान्य जीवन की ओर वापस लाया गया, जो आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार बच्ची को सर्विकल रैब्डोमायोसारकोमा नामक दुर्लभ कैंसर से पीड़ित अवस्था में भर्ती किया गया था। यह बीमारी गर्भाशय के निचले हिस्से यानी सर्विक्स में मांसपेशियों जैसे ऊतकों में कैंसर की गांठ बनने से संबंधित होती है और बच्चों में अत्यंत कम मामलों में देखने को मिलती है। वर्ष 2020 में सर्जरी और कीमोथेरेपी के जरिए कैंसर का सफल उपचार कर दिया गया था, लेकिन इलाज के प्रभाव से सर्विक्स और वैजाइनल संरचना प्रभावित हो गई थी। समय के साथ शरीर की संरचनात्मक जटिलताओं का असर बच्ची के शारीरिक विकास और माहवारी प्रक्रिया पर पड़ने लगा। पांच वर्ष बाद परिवार ने पुनः मणिपाल हॉस्पिटल से संपर्क किया, जहां विशेषज्ञों ने विस्तृत जांच के बाद एडवांस्ड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी का निर्णय लिया। सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. कुंदन के नेतृत्व में गठित मल्टीडिसिप्लिनरी टीम ने अत्यंत जटिल प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

# खुली खिड़कियों से उड़ाते थे मोबाइल-लैपटॉप, सेक्टर-142 पुलिस ने दबोचे दो शातिर चोर

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**गौतमबुद्धनगर।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की थाना सेक्टर-142 पुलिस ने मोबाइल और लैपटॉप चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर अहम सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 18 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप, 1 टैबलेट और एक चोरी की इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान महेन्द्र और जुनैद उर्फ बिट्टू के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी साप्ताहिक बाजारों और बस्तियों में घूमकर पहले रेकी करते थे। इसके बाद खुली खिड़कियों या घरों के बाहर रखे मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर फरार हो जाते थे। चोरी किए गए सामान को आरोपी बाद में सस्ते दामों में बेच देते थे। थाना सेक्टर-142 पुलिस ने लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में कई चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है तथा गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में बाईपास चौकी टीम की बहादुरी बनी मिसाल, गैसे सिलेंडर में लगी आग पर पाया काबू

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में पुलिस की तत्परता और बहादुरी का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। बाईपास चौकी इंचार्ज सचिन भडाणा एवं उनकी टीम ने समय रहते कार्रवाई करते हुए गैस सिलेंडर में लगी आग पर काबू पाया और एक बड़े हादसे को होने से बचा लिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार बागू 20 फूटा रोड स्थित एक मकान में अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप लेना शुरू कर दिया और घर में मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग भी दहशत में घरों से बाहर निकल आए। आग लगने की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही बाईपास चौकी इंचार्ज सचिन भडाणा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति बेहद गंभीर थी, क्योंकि आग सिलेंडर तक पहुंच चुकी थी और किसी भी समय बड़ा विस्फोट हो सकता था। ऐसे में पुलिस टीम ने बिना घबराए साहस और सूझबूझ का परिचय दिया। पुलिसकर्मियों ने आसपास मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थान पर हटाया और तत्परता से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस टीम ने आग पर काबू पा लिया।

समय रहते आग बुझ जाने से बड़ा हादसा होने से टल गया और घर में मौजूद लोगों की जान सुरक्षित बच गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम की बहादुरी की जमकर प्रशंसा की। लोगों का कहना था कि यदि पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंचती तो सिलेंडर फटने से बड़ा हादसा हो सकता था।

चौकी इंचार्ज सचिन भडाणा और उनकी टीम की सूझबूझ, तत्परता और मानवता पूर्ण कार्यशैली ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि संकट के समय लोगों की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहती है। पुलिस की इस कार्रवाई की पूरे क्षेत्र

# 13 साल की किशोरी को बहला ले गया युवक, मुरादनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पोक्सो एक्ट में दर्ज मुकदमे का वांछित आरोपी दबोचा



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** थाना मुरादनगर पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, 11 मई 2026 को थाना मुरादनगर में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव जलालाबाद निवासी जोनी पुत्र कर्म सिंह उसकी 13 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्काल धारा 137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित कर किशोरी की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया। पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमे में धारा 65(1)/123 बीएनएस तथा 4(2)/16/17 पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई।

शुक्रवार को थाना मुरादनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी जोनी (19 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर अभियान लगातार जारी है और ऐसे मामलों में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जीडीए का बुलडोजर चलाः असालतनगर में 23 हजार वर्गमीटर में बस रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुरादनगर क्षेत्र के ग्राम असालतनगर में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चला दिया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से बनाई गई सड़क, बाउंड्रीवॉल और साइट ऑफिस को ध्वस्त कर दिया गया।

जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार खसरा संख्या-181, ग्राम असालतनगर मुरादनगर में लगभग 23 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में बिना स्वीकृत मानचित्र के मिट्टी भराव कर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। जांच के दौरान कॉलोनाइजर की ओर से कोई वैध स्वीकृत तलपट मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया गया। प्राधिकरण के अनुसार अमित त्यागी पुत्र ज्ञानेश्वर त्यागी, विश्वजीत, सिद्धार्थ पुत्रगण देवदत्त त्यागी तथा सोमदत्त त्यागी पुत्र शौराज सिंह द्वारा उक्त अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसके बाद जीडीए टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निमार्णों को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की। ध्वस्तीकरण के दौरान कॉलोनाइजर और निर्माणकताओं ने विरोध भी किया, लेकिन पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ते की मौजूदगी में कार्रवाई जारी रखी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना मानचित्र स्वीकृति के विकसित होने वाली अवैध कॉलोनियों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा।

कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-02 का स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ता मौके पर मौजूद रहा।

# दो दिवसीय चयन प्रक्रिया में युवा खिलाडियों को मिलेगा बड़ा मंच

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने और स्थानीय खिलाड़ियों को बड़ा अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही गाजियाबाद प्रीमियर लीग के लिए खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर दिखाई दिया। गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए आरपीएल क्रिकेट मैदान पर लगभग 700 खिलाड़ियों के चयन परीक्षण आयोजित किए गए, जहां युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि गाजियाबाद प्रीमियर लीग में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। इसी क्रम में चयन प्रक्रिया के तहत दो दिवसीय परीक्षण आयोजित किए जा रहे हैं, जो आज से शुरू होकर कल तक लगातार चलेंगे। उन्होंने कहा कि इस लीग का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पेशेवर क्रिकेट का अनुभव दिलाना और उन्हें बड़े मंच तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि चयन परीक्षण का संचालन पूर्व रणजी खिलाड़ी शशिकांत खडेकर की देखरेख में किया जा रहा है। अनुभवी कोच और पूर्व खिलाड़ी खिलाड़ियों की बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण क्षमता और खेल अनुशासन का सूक्ष्म मूल्यांकन कर रहे हैं। मैदान पर सुबह से ही खिलाड़ियों की लंबी कतारें दिखाई दीं और हर खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से चयनकताओं को प्रभावित करने की कोशिश करता नजर आया। राकेश मिश्रा ने बताया कि गाजियाबाद प्रीमियर लीग को प्रतिस्पर्धात्मक और उच्च स्तर की बनाने के लिए विशेष योजना तैयार की गई है। लीग में कुल 16 खिलाड़ी गाजियाबाद के बाहर से शामिल किए जाएंगे, जबकि शेष खिलाड़ियों का चयन पूरी तरह से स्थानीय स्तर पर आयोजित इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।